खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 12° C

हल्द्वानी, गुरुवार 19 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 175 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा, लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे पेज 2



अभिषेक शर्मा टॉप पर कायम, ईशान किशन की लम्बी छलांग खेल टाइम्स



खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच सम्पादकीय



अमेरिका से दूसरे दौर की बातचीत रचनात्मक : अराघची पेज 12


# भारत AI क्षेत्र में असाधारण प्रगति को तैयार: पिचाई

## ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे गूगल चीफ, पीएम मोदी से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की। पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी –शेष पृष्ठ दो पर



■ अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे

### एआई एक्सपो को एक दिन के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई एक्सपो समिट 19 फरवरी (आज) को आम लोगों के लिए बंद रहेगा और एक अतिरिक्त दिन 21 फरवरी को खोलने का फैसला किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के अलावा एक्सपो अब 21 फरवरी को भी आम लोगों के लिए खुला रहेगा , हालांकि सुरक्षा पाबंदियों और अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए 19 फरवरी को आम लोगों के लिए एक्सपो बंद रहेगा। आगंतुकों को परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एक्सपो का समय पहले ही रात आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बदलाव के साथ एक्सपो 20 और 21 फरवरी को आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था कारणों से 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की**

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम ओरियन है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा. सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा. सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है कि भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं।

## पहला रोज़ा

### संयम और सब्र सिखाता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में रोजा, मजहब का सुतून भी है और रूह का सुकून भी। रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज है। रोजा रखना तुम्हारे लिए ज्यादा भला है अगर तुम जानो। अल्लाह के इस कौल में जो बात साफ तौर पर नजर आ रही है वे यही है कि रोजा भलाई का डाकिया है। रोजा संयम और सब्र सिखाता है। पहला रोजा ईमान की पहल है। सुबह सेहरी करके दिनभर कुछ न खाना-पीना या सोते रहकर शाम को इफ्तार करने का नाम रोजा नहीं है। यानी रोजा सिर्फ भूख-प्यास पर कंट्रोल का नाम नहीं है। बल्कि हर किस्म की बुराई पर कंट्रोल का नाम है। सेहरी से रोजा शुरू होता है।




# क्या भाजपा के मुख्यमंत्री ही देते हैं हेट स्पीच: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने पूछे तीखे सवाल, याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा दायर एक जनहित याचिका की कड़ी आलोचना की और यह कहकर याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया कि यह भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है। याचिका में सांविधानिक अधिकारियों के उन बयानों और टिप्पणियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी, जो सांविधानिक मर्यादा के अनुरूप नहीं माने जाते।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उठाया गया मुद्दा गंभीर है, लेकिन याचिका अपने मौजूदा रूप में कुछ खास व्यक्तियों को ही निशाना बनाती हुई दिख रही है। अदालत ने यह भी कहा कि वह ऐसी किसी याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती, जिससे यह लगे कि मामला किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ है। याचिका में हिमंता बिस्वा सरमा, पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ, और नितेश राणे सहित कुछ नेताओं के बयानों का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि उन्होंने शोध के दौरान करीब 30 आपत्तिजनक सार्वजनिक बयानों की पहचान की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने दलील दी कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है और अदालत को इस पर कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की कि याचिका में कुछ लोगों का चयन किया गया है, जबकि अन्य को नजरअंदाज किया गया है, जो उचित नहीं है। अदालत ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता मौजूदा याचिका वापस लेकर केवल सांविधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित नई याचिका दाखिल करें और यह सुनिश्चित करें कि वह किसी विशेष व्यक्ति या दल के खिलाफ न लगे।

कहा: भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है याचिका



मुद्दा गंभीर पर याचिका खास लोगों को निशाना बनाती दिख रही: सीजेआई

### मोदी सरकार ने एआई विश्व सम्मेलन को बनाया तमाशा: राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन को लेकर मोदी सरकार पर बुधवार को हमला किया और कहा कि इस वैश्विक मंच का लाभ उठाने की बजाय मोदी सरकार अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल कर इसका तमाशा बना रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सम्मेलन से भारतीय प्रतिभाओं को लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार पूरे शिखर सम्मेलन को अव्यस्थित कर इसे जनसंपर्क का तमाशा बना दिया है।

# ममता सरकार बोली: ईडी केंद्र का हथियार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एजेंसी ने कहा: हमें बंगाल में धमकाया गया
■ सुप्रीम कोर्ट बोला: हम तय करेंगे कौन हथियार और किसे धमकाया गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आई-पैक से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।

वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे। ईडी ने आई-पैक रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी को आई-पैक के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का ईडी की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था, तभी एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया गया। यह आरोपी केरल के मलप्पुरम जिले के वलांचेरी निवासी मोइदीनकुट्टी पी. है। और वह केरल में पीएफआई के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण का समन्वयक था। वह सितम्बर 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया था।

### तीन शावकों के जन्म से चीता की संख्या बढ़कर हुई 38

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनी गामिनी के तीन चीते के बच्चों के जन्म की घोषणा की। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए लिखा कि कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत हुआ, दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के तीन साल पूरे होने के मौके पर कुनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

# 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

■ अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त होने वाली 37 सीटों के लिए चुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित करते हुए मतदान की तिथि 16 मार्च निर्धारित की। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे और छह मार्च को इनकी जांच की जाएगी। नौ मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 16 मार्च को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक संपन्न कर ली जाएगी। अप्रैल में राज्यसभा से कार्यकाल समाप्त होने वाले सदस्य महाराष्ट्र से डा. भगवत किशनराव कराड, डा. सैयद फौजिया तहसीन अहमद खान, प्रियंका विक्रम चतुर्वेदी, शरद चंद्र गोविंद राव पवार, धैर्यशील मोहन पाटिल, रजनी अशोक राव, रामदास बांडू आठवले, ओडिशा से ममता मोहंता, मुजिबुल्ला खान, सुजीत कुमार, निरंजन बिशी, तमिलनाडु से एनआर एलंगो, पी. सेल्वारासु, एम. थंबी दुरै, तिरुचि शिवा, डा. कनिमोझी एनवीएन सोमु और जीके वासन हैं। पश्चिम बंगाल से साकेत गोखले, ऋतब्रत बनर्जी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य, मौसम नूर (पांच जनवरी 2026 से सीट रिक्त), सुब्रत बख्शी, असम से रामेश्वर तेली, भुवनेश्वर कलिता, अजीत कुमार भुइयां, बिहार से अमरेन्द्र धारी सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, राम नाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा, हरिवंश नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ से कवि तेजपाल सिंह तुलसी, फूलो देवी नेताम, हरियाणा से किरण चौधरी, रामचंद जांगड़ा, हिमाचल प्रदेश से इंदु बाला गोस्वामी, तेलंगाना से डा. अभिषेक मनु सिंघवी और के आर सुरेश रेड्डी हैं।

# भविष्य में डेटा और एआई से जीती जाएगी जंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई
■ एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है



**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी।

बुधवार को स्मार्टाइजिंग द किल चेन विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिये हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी। यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा-सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिये इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके। साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर-यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। सेमिनार में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन, काउंटर-ड्रोन सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भविष्य के युद्धों में इंसान से ज्यादा मशीनों की भूमिका होगी और जो सेना टेक्नोलॉजी में आगे होगी।

# राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए खतरा: रिजिजू

■ कहा: उनके नक्सलियों से रिश्ते, संसद में उनका बर्ताव बचकाना
■ ऐसा नेता विपक्ष इतिहास में नहीं देखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।

वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल गांधी) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दर्शनार्थियों को दिखाएंगे श्रीराम जन्मभूमि केस के साक्ष्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में दर्शनार्थियों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमों के साक्ष्य और 500 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई की पूरी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में विकसित किए जा रहे संग्रहालय में 20 आधुनिक गैलरियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक गैलरी में विभिन्न न्यायालयों में चले श्रीराम जन्मभूमि मुकदमों के दस्तावेज, साक्ष्य और न्यायिक प्रक्रिया को प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु पूरे ऐतिहासिक और कानूनी पक्ष से परिचित हो सकें।

### माघ मेला 2026: 1100 करोड़ से अधिक का कारोबार

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र इस बार केवल आस्था का केंद्र नहीं रहा, ये स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा ग्रोथ इंजन बनकर उभरा, 44 दिनों तक चले आयोजन में व्यापार का आंकड़ा 1100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। कारोबारियों का अनुमान है कि कुल खर्च इससे भी अधिक हो सकता है। संगम की रेत पर डुबकी लगाने आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ खरीदारी में भी खुलकर हिस्सा लिया, इसका सीधा लाभ छोटे, मध्यम और बड़े सभी वर्ग के व्यापारियों को मिला। मेला क्षेत्र में विकसित चार प्रमुख बाजार जोन इस बार व्यापार के हब साबित हुए। पूजा सामग्री, ऊनी वस्त्र, चाय-नाश्ता, खिलौने, प्रसाद, धार्मिक पुस्तकें, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की दुकानों पर दिनभर भीड़ रही।

# फार्म-7 के दुरुपयोग पर भड़की सपा

## लखनऊ में ईसी से की शिकायत, एविडेंस के साथ सौंपे प्रपत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-7 को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा से मुलाकात करने पहुंचा था, प्रतिनिधिमंडल में आरके वर्मा, पंकज मलिक, कमाल अख्तर, मोहम्मद फहीम सहित कई विधायक मौजूद रहे।

सपा विधायक आरके वर्मा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जो प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से मिलने के लिए भेजा था, पूरे उत्तर प्रदेश में पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के क्रम में फॉर्म 7 का दुरुपयोग भाजपा के



कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के जो मतदाता हैं उनका फॉर्म 7 कूटरचना करके नाम कटवाने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा में 30 हजार से लेकर एक-एक लाख तक जो नो मैपिंग के नोटिस दिए गए हैं, एक बीएलओ कितने दिन में निटाएगा? एक विधानसभा में 50 हजार से लेकर 1 लाख नो मैपिंग नोटिस तहसीलों में सुनवाई कैसे हो सकती है? मान लीजिए एक तहसील में दो विधानसभा हैं, तो 2 लाख लोगों की सुनवाई इतने कम समय में कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा कि आज हमने प्रमाण दिया कि कई लोगों के नाम एक से कई जगहों पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने कूटरचना करके हमारे मतदाताओं, हमारे समर्थकों का नाम कटवाने की साजिश की, एविडेंस के साथ हमने प्रपत्र भी सौंपे हैं। जो लोग तहसीलों के चक्कर लगाते हैं, तहसीलों पर इतनी भीड़ हो रही है और जो निर्वाचन आयोग ने जो अभिलेख नो मैपिंग में मांगे हैं उन अभिलेखों को उनकी जगहों पर अर्थात ग्राम पंचायतों में बनाने की सुविधा दी जाए।

# उत्तर प्रदेश में मतदाता सत्यापन अभियान तेजः नवदीप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और फॉर्म-6, 7 व 8 से जुड़े मामलों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दिनों की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है और 27 मार्च तक सभी लंबित सुनवाई पूरी कर ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अब तक मैपिंग या मिलान नहीं कराया था। लगभग 1.40 करोड़ लोगों ने मैपिंग नहीं कराई, जबकि 2.22 करोड़ लोगों ने मिलान कराया लेकिन उसमें भिन्नता पाई गई। इनमें से 1.15 करोड़ मामलों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। रिनवा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में ही 33 लाख सुनवाई पूरी की गई हैं। वर्तमान में प्रतिदिन 10 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा रहा है और कुल 13,161 अधिकारी सुनवाई में लगाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक करोड़ चार लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अब



**27 मार्च तक पूरी होंगी सभी सुनवाईः रिनवा**

तक मिलान नहीं कराया है। उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। तार्किक भिन्नता और विसंगति वाले मामलों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर नोटिस की सेवा सुनिश्चित करें। नो मैपिंग वाले नोटिस के साथ आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक कुल 54,40,156 फॉर्म प्राप्त हुए हैं। इनमें 70,965 मतदाताओं ने स्वयं नाम विलोपन के लिए फॉर्म-8 भरा है, जबकि 16,863 मामलों में स्वतः फॉर्म-7 जनरेट हुआ है। फॉर्म-7 की जानकारी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए और फॉर्म-10 प्रतिदिन संबंधित डीएम की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। नवदीप रिनवा ने बताया कि बीएलओ की दोबारा प्रशिक्षण प्रक्रिया भी कराई जाएगी।

### बंगाल में मतदाता सूची बनाने में हो रहीं गड़बड़ियां

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों में वैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो रहा है और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी हो रही है। श्री बनर्जी ने सवाल किया कि क्या चुनाव निकाय का यह मानना है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और संचार के आधिकारिक माध्यमों के पालन पर बल दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि औपचारिक और जवाबदेह तंत्र के बजाय व्हाट्सएप के जरिए निर्देश भेजे जा रहे हैं।

## कांग्रेस, सपा और बीजेपी बाबा साहेब विरोधी: मायावती

# यूपी में बसपा अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले दावा किया जा रहा था कि बहुजन समाज पार्टी किसी दल के साथ गठबंधन कर सकती है।

इस रेस में सबसे पहले नाम हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अध्यक्षता वाली एआईएमआईएम का चल रहा था। अब इस पर राज्य की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने तस्वीर साफ कर दी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा है कि जैसे-जैसे यूपी में चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी अंबेडकरवादियों को



- **जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे**
- **कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं**

डा. बाबासाहेब अंबेडकर के आत्मसम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि आप सबको पता है कि इन दिनों एआई को सफलता की पूंजी बताने की स्वार्थी बताने के बीच मीडिया में एक और चर्चा है कि विधानसभा 2027 चुनाव बसपा गठबंधन में लड़ेगी, जो कि बिल्कुल झूठ है, ये फेक न्यूज है। मीडिया को ऐसी खबरों से बचना चाहिए। एक प्रेस वार्ता में मायावती ने कहा कि हम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि हम विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे, लेकिन कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं। ये बसपा विरोधी एजेंडा है। लोगों को ऐसी खबरों पर ध्यान नहीं देना। कांग्रेस, सपा और बीज.पी की सोच संकीर्ण और बाबा साहेब की विरोधी है। उन्होंने कहा कि इनसे गठबन्धन करके बसपा को नुकसान होता है। बसपा के लोग अकेले चुनाव लड़ने के लिए जी जान से लगे हुए हैं। बसपा, 2007 की तरह अकेले चुनाव लड़ेगी और चुनाव जीतेगी। बसपा सुप्रीमो को सिक्योरिटी दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिलने के सवाल पर मायावती ने कहा कि जब यह मिला, तो उसमें भी षड्यंत्र के तहत गलत खबरें चलाई गई हैं एजेंडा के तहत। अब सुरक्षा के दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिला जिसे मैने स्वीकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार और उनके सुप्रीमो के कहने पर 2 जून 1995 गेस्ट हाउस में मुझपर हमला हुआ था, जिसके अगले दिन भारत सरकार द्वारा मुझे सुरक्षा दी गई थी और सुरक्षित आवास भी, लेकिन अब इतने समय के बाद भी सुरक्षा ख़तरा बड़ा है।

### भाजपा का कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ कांग्रेस पर सरकारी जमीन आवंटन में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस का नाम पहले भी नेशनल हेराल्ड मामले में सामने आ चुका है और अब कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर नए सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सरकार ने नगर निगम प्रशासन विभाग के 12 प्लॉट और शहरी विकास विभाग के 12 प्लॉट ष्कांग्रेस भवन ट्रस्टष को आवंटित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि इन जमीनों की अनुमानित कीमत 40 से 50 करोड़ रुपये है, जबकि इन्हें करीब 2 करोड़ रुपये में दिया गया।

# बठिंडा में किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले

बठिंडा, वार्ता

पंजाब के बठिंडा में पुलिस और किसानों में झड़प हो गई है। किसान जेल में बंद अपने साथियों की रिहाई पर अड़े हैं, किसानों के मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां संगठन के नेतृत्व में बठिंडा शहर की ओर निकाले गए किसानों के मार्च को पुलिस ने रोक दिया। ये किसान बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर (डीसी) के ऑफिस के बाहर धरना देने जा रहे थे। इसके बाद किसान रामपुराफूल से पहले बठिंडा- चडीगढ़ हाईवे पर अपनी मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। पुलिस फोर्स किसानों को रो.कने के लिए पहुंची, लेकिन किसान नहीं माने। इसके बाद किसनों को रोकने के लिए पुलिस ने गांव में बड़ी टुकड़ी भेजी, इस दौरान किसानों की ओर से पथराव

**किसान नेताओं की रिहाई की मांग पर बवाल**

होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। पूरी घटना में कुछ किसान और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। किसानों की मुख्य मांग जेल में बंद उनके 2 साथियों, बलदेव सिंह (गांव चाओके) और शगनदीप सिंह (गांव जियोंद) की तत्काल रिहाई है। ये दोनों 9 महीनों से अधिक समय से प्रदर्शन के एक मामले को लेकर जेल में हैं। किसानों का आरोप है कि पुलिस उन्हें जिला कलेक्टर दफ्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उनके घरों पर छापेमारी कर रही है। वहीं कुछ किसानों का ये भी कहना है कि पुलिस ने रात के समय उनके घरों पर दबिश दी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83734.25
निफ्टी 25819.35



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तीसरे दिन भी तेजी

## प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग, धातु और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में अच्छी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक (0.34 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,734.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत ऊपर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। शेयर बाजार में आरंभ में गिरावट थी, लेकिन दोपहर बाद लिवाली बढ़ने से सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स नीचे 83,164 अंक और नीचे 83,770 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.54 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी



सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचक.ांक 1.23 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, निजी बैंक, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,280 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,714 के शेयर हरे निशान में और 1,457 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में क्वालिटी वॉल का शेयर सबसे अधिक 4.92 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.90 फीसदी, एक्सिस बैंक में 1.51 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 और एलएंडटी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही।

# चांदी 2.37 लाख पर पहुंची, सोना 1.52 लाख हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत में बुधवार को बढ़त और सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 3,834 रुपए बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को ये 2.33 लाख रुपए पर थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना भी 291 रुपए सस्ता होकर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के फाउंडर और एमडी जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि सोने-चांदी के साथ ही कॉपर जैसे इंडस्ट्रियल मेटल्स अत्यधिक अस्थिर रहेंगे। अगले 6 महीनों में इनके दाम कम से कम 10 प्रतिशत और घट सकते हैं। वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी, क्रिप्टोकरेंसी और टेक्नोलॉजी शेयरों में भारी गिरावट जैसे जोखिम कमोडिटी की कीमतों पर असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार और डॉलर की मजबूती का असर पड़ा है। निवेशक अनिश्चित समय में सोने की ओर रुख करते हैं। हालात स्थिर होते ही कीमतें नीचे आती हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स इसे खरीदारी का अच्छा मौका मान रहे हैं।

# भारत बनेगा एआई पावरहाउसः वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को 'एआई पावरहाउस' बनाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के सिल.ेबस में बदलाव किया जाएगा। एआई शिखर सम्मेलन के दौरान एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हमारे स्कूलों और कॉलेजों को एआई तकनीक पर आधारित उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे समाधान तैयार कर सकें और इस तकनीक को सीख सकें।

आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का मानना है कि भारत की असली ताकत यहां की तकनीकी प्रतिभा है। निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर से भी ज्यादा जरूरी इस हुनर को निखारना है। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई को केवल किताबों तक सीमित न रखकर प्रैक्टिकल नॉलेज पर केंद्रित किया जाएगा, ताकि छात्र नई तकनीकी चीजों के लिए तैयार रहें। सरकार के शिखर सम्मेलन के संदेश में भी यही दृष्टिकोण झलकता है। वैष्णव ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों की तारीफ की और कहा कि ये संस्थान छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के



हिसाब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का खास लक्ष्य गांवों के युवाओं और शहरों के बीच के अंतर को खत्म करना है। इसका मकसद यह है कि ग्रामीण युवा एआई टूल्स का इस्तेमाल करना सीखें, ताकि वे अपने गांवों में रहकर भी दुनिया स्तर के स्टार्टअप खड़े कर सकें। आईटी मंत्री ने कहा कि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है और आने वाले समय में यह और बढ़ेगी। युवाओं को बस अपनी स्किल्स को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ढालना होगा। वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन के बाद सरकार 'एआई मिशन' के अगले चरण पर तेजी से काम शुरू करेगी। यह मिशन ठीक वैसे ही चलेगा, जैसे भारत ने सेमीकंडक्टर और टेलीकॉम के क्षेत्र में काम किया है। सरकार का लक्ष्य छात्रों को ऐसे एआई टूल्स और समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खुद की नई तकनीक और समाधान विकसित कर सकें।

**स्कूलों-कॉलेजों के सिलेबस में होगा बड़ा बदलाव**
**आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान**

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
00800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूपी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत एआई....** पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावे.शिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावाट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विक.सित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिये जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### शासनादेशों के अनुपालन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और शासनादेशों के अनुपालन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्पष्ट कहा कि यदि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों से संबंधित शासनादेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो यह सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि शासन स्तर से प्रस्तुत प्रकरणों में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं और पूर्व में निर्गत आदेशों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से ही जनप्रतिनिधि सदन में पहुंचे हैं। इस विश्वास की रक्षा करना शासन, प्रशासन और सभी संवैधानिक संस्थाओं का दायित्व है। संविधानिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तुत मामलों में अपेक्षित कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चाएं, पारित संकल्प और प्रस्ताव संविधानसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं और उनका अनुपालन कराना संवैधानिक दायित्व है। सदन के निर्णयों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे मर्यादा का सम्मान करते हुए अपनी-अपनी संवैधानिक सीमाओं में कार्य करें।

# संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा

**लखनऊ विश्वविद्यालय में लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लखनऊ प्रवास पर पहुंचे। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के लखनऊ विश्वविद्यालय दौरे के दौरान बुधवार को परिसर में हंगामा हो गया। कार्यक्रम स्थल के बाहर एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से जुड़े छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और 'गो बैक' के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, मोहन भागवत संघ के शताब्दी समारोह के तहत विश्व.विद्यालय पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही एनएसयूआई और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेडिग पार करने की कोशिश की, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। वहीं प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि वे विश्वविद्यालय परिसर में संघ प्रमुख के आगमन का विरोध कर रहे थे। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय तक तनाव का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।यूजीसी कानून के विरोध में छात्रों ने भागवत के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले हों, कोई भेदभाव न होः भागवत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए, इनमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के माधव सभागार में मंगलवार देर शाम आयोजित कार्यकर्ता कुटुंब मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को यह समझाना होगा कि करियर का अर्थ केवल पैसा कमाना और उपभोग करना नहीं है। असली करियर वह है, जिसमें व्यक्ति समाज और देश के लिए कुछ कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बच्चे अमीर बनकर दान देना और दूसरों के लिए जीना सीखें। विद्या और धन देश के हित में अर्जित किए जाने चाहिए और बच्चों में यह संस्कार विकसित हों कि राष्ट्र सर्वोपरि है। डा. भागवत ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एक मानता है और सामाजिक समरसता भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से आती है। इसके लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर मेलजोल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि संघ के कुटुंब में जाति-पाति का कोई स्थान नहीं है और यही भाव समाज में भी स्थापित करना होगा। समाज की मूल इकाई व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार है। सामा.जिक व्यवहार की पहली पाठशाला परिवार ही होता है।

# सीएम ने किया चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव का शुभारम्भ

## स्थानीय उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच, 'वोकल फॉर लोकल' से 'लोकल फॉर ग्लोबल' की दिशा में बड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सवख्र2026' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चंपावत के प्रत्येक घर में इन दिनों उत्साह और उमंग का वातावरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि होली का पर्व समीप है और काली कुमाऊँ की होली अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के कारण पूरे देश में अलग स्थान रखती है। बैठकी होली, खड़ी होली, चौफुला, सुर-ताल और लोकसंस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देश में विरल ही देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत की पुण्य भूमि इतिहास, अध्यात्म और संस्कृति की धरोहर रही है। उनके अनुसार 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सवख्र2026' केवल सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य, मातृशक्ति के सामर्थ्य, युवाओं के उत्साह और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प का जीवंत उत्सव है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष महोत्सव को "शीतकालीन कॉर्बेट महोत्सव" के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन को नई गति मिलेगी।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, हॉट एयर बलून, रिवर राफ्टिंग, पैरामोटरिंग, पक्षी अवलोकन और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से चंपावत को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे।

■ मुख्यमंत्री ने कहा-जनपद चंपावत में विकास कार्यों की लंबी श्रृंखला जारी
■ विकास भी और विरासत भी के संकल्प के साथ चंपावत को आदर्श जिला बनाने की घोषणा

सीएम ने बताया कि जिम कॉर्बेट और उनकी कहानियाँ देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं। उनकी आत्मकथाओं के माध्यम से चंपावत-लोहाघाट क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर वन्यजीव प्रेमियों और टाइगर लवर्स के बीच पहचान मिली। वर्ष 1907 में चंपावत क्षेत्र में आदमखोर बाघिन का अंत कर उन्होंने सैकड़ों लोगों की जान बचाई और आगे चलकर वन्यजीव संरक्षण की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव में मधुबनी चित्रकला एवं आधुनिक कला कार्यशालाएं, क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, लोक संस्कृति कार्यक्रम और जागरूकता कार्यशालाएं इसे बहुआयामी स्वरूप प्रदान करेंगी। साथ ही आयोजित खाद्य उत्सव पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान देगा। स्थानीय उत्पादों और व्यंजनों का यह संगम नई पीढ़ी को अपनी खाद्य संस्कृति से परिचित कराने के साथ स्थानीय उत्पादकों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन 'वोकर फोर लोकल की भावना को सशक्त करते हुए लोकल का ग्लोबल का मार्ग प्रशस्त करेगा। सीएम ने कहा कि विकास कार्यों की सूची अत्यंत विस्तृत है और सभी का उल्लेख करना संभव नहीं, किंतु वे चंपावत को आदर्श जिला बनाने के अपने संकल्प को पूर्ण किए बिना विश्राम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ प्रदेश की पहचान, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की रक्षा के लिए संकल्पित है। "विकास भी और विरासत भी" के विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि चंपावत की जनता का सहयोग और समर्थन इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### चंपावत को आदर्श एवं श्रेष्ठ जिला बनाने के लिए कई परियोजनाओं पर हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंपावत को आदर्श एवं श्रेष्ठ जिला बनाने के उद्देश्य से अनेक विकासपरक परियोजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 20 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कराया जा रहा है। विभिन्न मोटर मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ जाम की समस्या के समाधान के लिए मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण भी किया जा रहा है।

### मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत देवीधूरा वाराही मंदिर का विकास कार्य तेज

सीएम ने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत देवीधूरा वाराही मंदिर का विकास कार्य किया जा रहा है तथा माँ पूर्णागिरी मंदिर के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे निर्माणाधीन है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टनकपुर से बनबसा तक शारदा रिवर फ्रंट का विकास किया जाएगा।

### वे-साइड एमेनिटीज सेंटर और चूका को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में तेजी से काम जारी

सीएम ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए चंपावत में वे-साइड एमेनिटीज केंद्र का निर्माण किया गया है तथा चूका क्षेत्र को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य जारी है। अमोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है और अमोड़ी में हाउस ऑफ हिमालया के विपणन केंद्र की स्थापना की गई है।

# रायपुर सीएचसी के जन औषधि केंद्र पर डीएम का बड़ा एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के रायपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की आड़ में चल रहे खेल पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर सीएचसी परिसर के भीतर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और उसके ठीक बगल में स्थित श्रावत मेडिकोजश नाम की निजी दुकान, दोनों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

यह मामला तब सामने आया जब दिसंबर माह में आयोजित जनता दर्शन में डीएम को शिकायत मिली कि जन औषधि केंद्र का संचालक जानबूझकर सस्ती दवाएं उपलब्ध नहीं कराता, ताकि मरीजों को बाहर स्थित उसके अपने ही निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ें। इस शिकायत पर संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल कुमार और वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ने मौके पर जाकर विस्तृत जांच की।

जांच में पाया गया कि संचालक बलवीर सिंह रावत ने सरकारी नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई थीं। जन औषधि केंद्र के लिए अनिवार्य सरकारी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था और सारा काम व्हाट्सएप के जरिए अनौपचारिक रूप से चल रहा था। इसके अलावा, लाइसेंस के दस्तावेजों में भी भारी हेराफेरी मिली।



■ दो दुकानों के लाइसेंस निरस्त

फ्रिज और एसी जैसे उपकरणों के बारे में गलत जानकारी दी गई थी और दुकान का किरायानामा भी खत्म हो चुका था। प्रशासन की इस कार्रवाई से दवा माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जिलाधिकारी ने साफ कहा है कि आम जनता को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या निजी लाभ कमाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# जनता की मांगों को प्राथमिकता पर निपटाया जा रहा: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून । मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत एलकेडी मोटर मार्ग के लिए रुपये 14.55 करोड़ की स्वीकृति पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत गुनियालगांव स्थित सामुदायिक भवन का शीघ्र ही जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जनपद देहरादून में विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अंतर्गत देहरादून-किमाड़ी-लम्बीधार-कार्ट मेकेन्जी-कम्पनी गार्डन मोटर मार्ग (एस0एच0-79) के किमी 1 से 24 (सप्लाई, कैन्ट से लम्बीधार, बासागाढ़, मसूरी) तक सिंगल लेन से इंटरमीडिएट लेन में परिवर्तन के लिए अतिरिक्त पहाड़ कटान, क्रॉस ड्रेन एवं सुरक्षा दीवारों के निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, गुनियालगांव में सामुदायिक भवन के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्वार के कार्य को मुख्यमंत्री घोषणा के तहत शामिल किये जाने पर भी मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दोनों योजनाओं का शुभारम्भ जल्द ही मुख्यमंत्री धामी द्वारा किया जाएगा।



■ एलकेडी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए 14.55 करोड़ स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

# तीर्थयात्रियों को लेकर भारत गौरव ट्रेन हुई रवाना

ऋषिकेश। योगनगरी ऋषिकेश से आज भारत गौरव ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन में योगनगरी ऋषिकेश और हरिद्वार से 200 तीर्थयात्री रवाना हुए। यह ट्रेन नौ रात और 10 दिन में यात्रियों को गया, पुरी जगन्नाथ, कोणार्क मंदिर, कोलकाता, गंगासागर, बैजनाथ धाम, वाराणसी, अयोध्या की यात्रा कराएगी।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के उत्तर क्षेत्र लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन बुधवार सुबह 9:25 बजे रवाना हुई। इस ट्रेन में योगनगरी ऋषिकेश और हरिद्वार से 200 तीर्थयात्री सवार हुए।

# न्यायालय बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी

■ ई-मेल से मची सनसनी, पुलिस और डॉग स्क्वॉड ने छाना कोना-कोना
■ सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की एक सनसनीखेज धमकी ने आज जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। अज्ञात हमलावर द्वारा भेजे गए एक ई-मेल के बाद पुलिस की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं और आनन-फानन में परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, सुबह जैसे ही न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने का धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ, शासन से लेकर प्रशासन तक के हाथ-पांव फूल गए। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंच गईं।पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से न्यायालय परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर चौकसी बढ़ा दी। परिसर के अंदर मौजूद वकीलों, वादकारियों और कर्मचारियों में भी कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्वाइंट दर प्वाइंट चेकिंग करते हुए पुलिस ने कोर्ट रूम, चौंबर, पार्किंग एरिया और कैंटीन सहित चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। मेटल डिटेक्टर के जरिए हर आने-जाने वाले की गहन जांच की गई। एसएसपी परमेंद्र डोबाल ने बताया कि इस मामले की गंभीरता के साथ जांच की जा रही है इस तरह की धमकी देने वाले लोगों को बक्सा नहीं जाएगा। आला अधिकारी खुद स्थिति की निगरानी करते नजर आए।



### जांच के घेरे में ई-मेल आईडी

पुलिस की साइबर सेल अब उस ई-मेल आईडी को ट्रेस करने में जुट गई है, जिससे यह धमकी भेजी गई थी। हालांकि, प्राथमिक जांच में अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का कहना है कि हमें एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसके बाद पूरी मुस्तैदी के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया गया। न्यायालय की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।जिला प्रशासन ने आम जनता और अधिवक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# सूबे में अपनाया जाएगा गुजरात का सहकारिता मॉडल: डॉ. रावत

■ अन्न भंडारण, क्रेडिट प्रणाली और डिजिटल विस्तार पर रहेगा विशेष जोर
■ कहा-ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण को बनेगी ठोस रणनीति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**गुजरात/देहरादून।** सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान आज गांधीनगर में सहकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर संस्थानों के कार्यकलापों, अन्न भंडारण व्यवस्था, बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल विस्तार और किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी ली।



मीडिया को जारी बयान में डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए गुजरात के सफल सहकारिता मॉडल को अपनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में सहकारी संघों, बैंकों व समितियों में आधुनिक प्रबंधन प्रणाली, वैज्ञानिक अन्न भंडारण, पारदर्शी क्रेडिट व्यवस्था और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विशेष फोकस कर सहकारिता आंदोलन को नई दिशा दी जाएगी। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाये जायेंगे।

**आधुनिक अन्न भंडारण व्यवस्था का निरीक्षण:** गुजरात प्रवास के दौरान डॉ. रावत ने आज गांधीनगर स्थित सरढव सेवा सहकारी मंडली लिमिटेड के पीएम श्री अन्न भंडारण केंद्र का निरीक्षण किया।

जहां उन्होंने वैज्ञानिक व सुरक्षित भंडारण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रणाली किसानों की उपज को सुरक्षित रखने और खाद्यान्न की गुणवत्ता बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसे किसानों की आय वृद्धि और खाद्य सुरक्षा के लिए प्रभावी मॉडल बताया।

### वित्तीय व क्रेडिट प्रणाली की ली जानकारी


डॉ. रावत ने गांधीनगर जिला सहकारी संघ तथा जिला सहकारी ऋण समिति लिमिटेड का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने समिति के पारदर्शी प्रबंधन, क्रेडिट प्रणाली और वित्तीय समावेशन की योजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। अपने भ्रमण के दौरान डॉ. रावत ने जिला सहकारी संघ गांधीनगर के अध्यक्ष कोदरभाई आर पेटल से मुलाकात की और सहकारिता के विभिन्न आयामों, योजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. रावत ने उत्तराखंड में संचालित विभिन्न सहकारी योजनाओं का जानकारी भी साझा की। डॉ. रावत ने कहा कि सहकारिता सामाजिक समरसता, सामूहिक भागीदारी और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। गुजरात के प्रेरणादायी अनुभवों से सीख लेकर उत्तराखंड में सहकारिता आंदोलन को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लक्ष्य को नई मजबूती मिलेगी

# चांद के दीदार के साथ मुकद्दस रमजानुल मुबारक का आगाज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रहमतों, बरकतों और मगफिरत के मुकद्दस महीने रमजानुल मुबारक का आगाज चाँद के दीदार के साथ हो गया। बुधवार शाम चाँद नजर आने की तस्दीक के बाद गुरुवार को पहला रोजा रखा गया। शहर भर की मस्जिदों में इबादत का रूहानी माहौल देखने को मिला और ईशा की नमाज के बाद विशेष नमाज-ए-तरावीह अदा की गई।

बुधवार को देहरादून समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में चाँद देखने का एहतमाम किया गया। हालांकि देहरादून में बादल छाए रहने के कारण चाँद का दीदार नहीं हो सका, लेकिन देश के अन्य हिस्सों से चाँद दिखाई देने की पुष्टि होने के बाद रमजान शुरू होने का ऐलान कर दिया गया। इस मौके पर काजी दारुल कघ्जा उत्तराखंड मुफ्ती सलीम अहमद कघसमी, जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कघसमी और शहर कघजी मुफ्ती हाशिम कघसमी ने आधिकारिक रूप से रमजानुल मुबारक के आगाज की घोषणा की। उन्होंने तमाम मुसलमानों से अपील की कि इस पाक महीने को इबादत, रोजा, तिलावत-ए-कघुरआन, सदकघ-खैरात और भाईचारे के साथ गुजारें। उधर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी रमजानुल मुबारक की आमद पर प्रदेशवासियों और देशवासियों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि यह महीना आत्मशुद्धि, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि रमजान हमें जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में अमन-ओ-अमान को मजबूत करने की तालीम देता है। रमजान के पहले दिन मस्जिदों में नमाजियों की अच्छी-खासी तादाद रही। लोगों ने सहर और इफ्तार की तैयारियाँ पूरे एहतराम के साथ कीं। बाजारों में भी रौनक दिखाई दी और खजूर, फल, सेवइयां व अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी होती रही।



■ पहला रोजा आज मस्जिदों में अदा की गई तरावीह की नमाज

रमजान का महीना पूरी उम्मत के लिए रहमतों का पैगाम लेकर आता है। यह महीना इंसान को सब्र, शुक्र और खुदा की बंदगी की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। शहर में हर ओर रूहानियत और इबादत का माहौल कायम है, और लोग पूरे जोश-ओ-खघ्रोश के साथ इस मुकद्दस महीने का इस्तकबाल कर रहे हैं।

# बिंदुखत्ता के निवासियों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने को सरकार गंभीर: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि विंदुखत्ता को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने के लिए धामी सरकार गंभीर है और शासन स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रकरण को जल्दी ही कैबिनेट मे लाने पर विचार कर रही है। मुख्य सचिव भी अधिकारियों को निर्देशित कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्व और वन अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही तैयार करने को निर्देशित किया गया है। जल्दी ही इस पर निर्णय लिया जायेगा।

चौहान ने आर्य के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर टालमटोल किस स्तर पर हुई यह सब जानते है। कांग्रेस हमेशा ही घोषणा और झूठे दावे करती रही, लेकिन गंभीरता से इस पर कार्य नही किया। भाजपा महज एक वर्ग ही नही बल्कि पूरे प्रदेश और आम जन की समस्या को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्य पूर्ववर्ती भाजपा सरकार मे राजस्व मंत्री रहे हैं, लेकिन उन्होंने तब इस और चिंता नही की, जबकि भाजपा ने उस समय भी मुद्दे के समाधान की दिशा मे कदम उठाये। वहीं कांग्रेस विंदुखत्ता के निवासियों को सब्जबाग दिखाती रही।



■ जल्दी ही कैबिनेट मे लाया जाएगा प्रस्ताव

चौहान ने कहा कि भाजपा प्रकरण का स्थायी समाधान चाहती है, इसलिए इसे पूरी कानूनी प्रक्रिया से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस महज मुद्दे पर राजनीति कर रही है, जबकि भाजपा इस पर समाधान की दिशा मे कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मे इस पर महज सब्जबाग दिखाये गए, लेकिन जल्दी ही बिंदुखत्ता के निवासियों को अच्छी खबर मिलने वाली है।

# उत्तराखंड ने सौर ऊर्जा स्थापना में 1 गीगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को 1 गीगावाट (1000 मेगावाट) से अधिक के स्तर पर पहुँचा दिया है। नवीनतम आँकड़ों के अनुसार राज्य में कुल स्थापित सौर क्षमता लगभग 1027.87 मेगावाट से अधिक हो चुकी है, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सौर ऊर्जा क्षमता के 1 गीगावाट का आंकड़ा पार करने पर कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति उनकी स्पष्ट नीति का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने "आत्मनिर्भर भारत" और हरित ऊर्जा के जिस विजन को देश के सामने रखा, उसी से प्रेरित होकर उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। केंद्र सरकार की योजनाओं और राज्य सरकार की सक्रिय पहल के समन्वय से आज हजारों युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगाद्य'



■ धामी ने राज्य में सौर ऊर्जा इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति उनकी स्पष्ट नीति का परिणाम बताया

यह उपलब्धि विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से संभव हुई है, जिनमें ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर परियोजनाएं, ग्राउंड माउंटेड सोलर प्लांट, सरकारी भवनों पर सौर संयंत्र, कृषि क्षेत्र के लिए सोलर पंप, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सोलर योजनाएं तथा कॉमर्शियल एवं औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता में प्रमुखत: ग्राउंड माउंटेड 397 मेगावाट, रूफटॉप सोलर पावर प्लांट (पीएम सूर्यघर) 241 मेगावाट, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना 137 मेगावाट, कॉमर्शियल नेट मीटरिंग 110 मेगावाट, कैप्टिव सोलर पावर प्लांट 51 मेगावाट, कनाल टॉप एवं कनाल बैंक पर 37 मेगावाट एवं सरकारी भवनों पर 26 मेगावाट सोलर पावर प्लांट शामिल हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 100 मेगावाट से अधिक क्षमता के संयंत्र, कैप्टिव सोलर पावर प्लांट के 30 मेगावाट तथा सरकारी भवनों पर 13.5 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट क्षमता के संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ा है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिला है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में उरेडा का विशेष योगदान रहा है। उरेडा ने राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन, जन-जागरूकता, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन में अग्रणी भूमिका निभाई है। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों तक सौर ऊर्जा समाधान पहुँचाने के निरंतर प्रयासों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। राज्य में सौर ऊर्जा की बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण, सब्सिडी प्रावधान, सरल अनुमोदन प्रक्रिया तथा निजी निवेश को प्रोत्साहन जैसी पहलों ने भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं। उत्तराखंड तेजी से देश के अग्रणी सौर ऊर्जा राज्यों में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। सरकार ने भविष्य में भी सौर ऊर्जा क्षमता को और बढ़ाने, दूरस्थ क्षेत्रों में सौर समाधानों को प्रोत्साहित करने तथा आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। यह उपलब्धि सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव: सड़कों पर उतरा जनसैलाब

## मांग: राजस्व गांव की अधिसूचना जल्द जारी हो, सीएम को भेजा ज्ञापन, 2 महीने का अल्टीमेटम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर जुलूस की शक्ल में रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। बिंदुखत्ता राजस्व गांव संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस महारैली में भारी संख्या में मातृशक्ति, पूर्व सैनिक, नौजवान और गांव के बुजुर्ग शामिल हुए।

इससे पूर्व जनता इंटर कालेज जड़ सेक्टर में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत बिंदुखत्ता राजस्व गांव की समस्त कागजी कार्यवाही और प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी नहीं की जा रही है जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। इस दौरान वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो माह के भीतर राजस्व गांव की अधिसूचना जारी नहीं हुई तो हल्द्वानी और उसके बाद देहरादून में विशाल प्रदर्शन किए जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब क्षेत्र के लोग राजस्व गांव को लेकर किसी भी आश्वासन या झांसे में आने वाले नहीं हैं। उनकी केवल एक मांग है वन अधिकार अधिनियम के तहत बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जल्द जारी हो। इस दौरान रैली के संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी सहित समस्त आयोजक मंडल ने ग्रामीणों से आगामी चरण के आंदोलन में भी बढ़-चढ़कर

### 10 हजार से अधिक लोग सड़कों पर उतरे

बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले कई वर्षों से समय-समय पर आंदोलन करते आ रहे हैं। वहीं इतना बड़ा जनसैलाब पहली बार सड़कों में देखने को मिला। अनुमान के मुताबिक 10 हजार से अधिक संख्या में लोग अनुशासित होकर सड़क पर उतरे। इस दौरान ग्रामीण हुंकार भर रहे थे कि वह भीख नहीं अधिकार मांग रहे हैं हर हाल में राजस्व गांव लेकर रहेंगे। रैली में वनाधिकार समिति, पूर्व सैनिक संगठन, व्यापार मंडल, गौला संघर्ष समिति समेत विभिन्न जन संगठनों और राजनीतिक दलों का समर्थन रहा।

### राजनेताओं ने भी दिया समर्थन

बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर महारैली को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, गोविंद सिंह कुंजवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन दिया। और जनसभा को संबोधित करते हुए इस लड़ाई में ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

# 1 किलो 400 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने दो अलग-अलग वाहनों से करीब 1.400 किलोग्राम अवैध चरस बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तीन लाख रुपये कीमत बताई जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी मेहरा ने बताया कि बीते मंगलवार को एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रही था। इसी दौरान कांडा रोड में छाती के समीप एक प्लैटिना मोटरसाइकिल और एक आल्टो कार को रोका। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल संख्या यूके 03 ए 7511 में सवार नरेंद्र सिंह कोरंगा के कब्जे से 774 ग्राम और आल्टो कार संख्या यूके 02 टीए 2857 के चालक महेश सिंह मेहता के पास से 626 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। दोनों अभियुक्त कपकोट तहसील के ग्राम चुचेर के निवासी हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को सीज कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एसपी मेहरा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर इनके नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है।

# धरोहरों के सुरक्षित संरक्षण के निर्देश

## कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने किया ऐतिहासिक मल्ला महल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मंडलायुक्त दीपक रावत ने बुधवार को राजकीय संग्रहालय और ऐतिहासिक मल्ला महल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों का संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित ताम्रपत्रों, प्राचीन मूर्तियों, दुर्लभ सिक्कों एवं पुरानी पांडुलिपियों का अवलोकन किया। इन धरोहरों के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित संरक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पुरातन वस्तुएं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक हैं। जिनकी सुरक्षा और उचित रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है। वहीं, विशेष रूप से प्राचीन सिक्कों का निरीक्षण करते हुए उनकी ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सिक्कों को व्यवस्थित रूप से वर्गीकृत कर सुरक्षित तरीके से संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए, ताकि शोधार्थियों एवं आगंतुकों को उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की स्पष्ट जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने पांडुलिपियों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा ऐतिहासिक धरोहर मल्ला महल का निरीक्षण किया। कहा कि यह स्थल पर्यटन केंद्र के रूप में अपार संभावनाएं रखता है। कहा कि सुनियोजित प्रयासों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन से समेकित विकास को ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। यहां निरीक्षण में एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम संजय कुमार, प्रभारी निदेशक राजकीय संग्रहालय डा. सीएस चौहान, उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, वीथिका सहायक जन्मजेय तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने साप्ताहिक समाचार पत्र रानीखेत टाइम्स के संपादक रहे स्व. जगदीश चंद्र तिवारी के आश्रित के रूप में उनकी पत्नी कमला तिवारी को मुख्यमंत्री पत्रकार कल्याण कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। कहा कि इस सहायता से शोक संतप्त परिवार को आर्थिक संबल प्राप्त होगा।

### नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने रानीखेत तहसील और उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में रखे पुराने अभिलेखों की स्थिति का परीक्षण किया गया तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रूप से संरक्षण की समीक्षा की गई। तहसील न्यायालय में दायर वादों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कई प्रकरणों के लंबे समय से लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर 45 से 60 दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एक प्रकरण में फाइल पर अनावश्यक आपत्ति लगाए जाने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने संबंधित नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उप निबंधक कार्यालय एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने अभिलेख संधारण, जनसुनवाई व्यवस्था तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम युक्ता मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात आदि अधिकारी मौजूद रहे।


## बोर्ड परीक्षा: 6444 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बागेश्वर।** आगामी 21 फरवरी से 20 मार्च तक जिले में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए 51 केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 6444 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार, परीक्षाएं नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 2 सचल दल तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सेक्टर मजिस्ट्रेटों और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक प्रबंधों पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को 09 बजे तक शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार के अनुसार, इस वर्ष हाईस्कूल के 3197 और इंटरमीडिएट के 3247 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। बैठक में एसडीएम प्रियंका रानी, एसडीएम अनिल चन्याल, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) आशा राम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## महापौर बाली के प्रयास से महाराणा प्रताप और ननकाना साहिब चौक का होगा सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने चुनाव के दौरान काशीपुर को स्वच्छ स्वस्थ एवं सुंदर बनाने हेतु जो 12 गारंटी दी थी उन सभी पर तेजी से काम हो रहा है जिसके चलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिली सहमति के उपरांत चौराहों के सौंदर्य करण के प्रति महापौर ने कुछ माह पूर्व जो घोषणा की थी उनमें से मुख्य चौराहे



महाराणा प्रताप चौक और स्टेडियम के पास ननकाना साहिब चौक के सौंदर्य करण हेतु जिला विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है और उम्मीद की जा रही है कि निर्माण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मार्च माह में इन दोनों स्थानों पर सौंदर्य करण का काम शुरू हो जाएगा। महापौर दीपक बाली ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्य करण दो फेस में होगा जिसमें प्रथम फेस के लिए 4 करोड़ 96 लाख 44 हजार की निविदा जारी की गई है और सेकंड फेस के लिए बाद में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से लाइट व अन्य कार्यों के लिए अलग से निविदा जारी की जाएगी। वहीं स्टेडियम के पास ननकाना साहिब चौक का सौंदर्य करण 3 करोड़ 86 लाख 14 हजार रुपए की लागत से होगा। श्री बाली ने बताया कि शेष बचे 6 चोराहों का सौंदर्य करण भी शीघ्र ही गतिमान होगा। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि मेरे द्वारा काशीपुर को स्वच्छ स्वस्थ और सुंदर बनाने हेतु जो भी गारंटियां दी गई थी जनता के आशीर्वाद और प्रदेश के यशस्वी एवं विकास की दूरदर्शी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री धामी के सहयोग और आशीर्वाद के चलते पूरी की जाएगी। महापौर ने कहा है कि जनता चिंता न करें एक भी सड़क ऐसी नहीं बचेगी जो बगैर बनी रह जाए। बस जनता का सहयोग चाहिए मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से शहर को चमन बनाना उनकी जिम्मेदारी है।

# युद्ध स्तर पर तैयारी: वनाग्नि रोकथाम के लिए मॉकड्रिल

## अल्मोड़ा के सिमतोला ईको पार्क में अभ्यास, कालाढूंगी में वन विभाग की अलग-अलग टीमों का हुआ गठन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद में वनाग्नि से निपटने के लिए सिमतोला इको पार्क में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक सूचना पर आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हुआ। वन विभाग ने फायर लाइन बनाकर आग बुझाने का प्रदर्शन किया, जबकि पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी और यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी संभाली। राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने राहत कार्य किए और घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। चिकित्सा विभाग ने प्राथमिक उपचार और एम्बुलेंस सेवा दी। वन संरक्षक चंद्रशेखर जोशी ने अभ्यास का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएफओ दीपक सिंह ने इस प्रकार के अभ्यास को जन-धन की हानि को कम करने में सहायक बताया।

**कालाढूंगी।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर द्वारा आगामी वनाग्निकाल की तैयारियों के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी जसपुर की अगुवाई में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, जिसमें वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, और पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस मॉक ड्रिल में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल में वन क्षेत्र अधिकारी बिजेन्द्र सिंह, नवल किशोर कपिल और धर्मानंद सुनाल ने टास्क फोर्स के लीडर के रूप में भूमिका निभाई। सभी टीमों को इंसिडेंट कमांड के लिए स्टेजिंग एरिया से रवाना किया गया, जहां समस्त फायर उपकरण, फायर हाइड्रेंट, जल संस्थान के टैंकर, फायर ब्रिगेड, और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। संचार व्यवस्था के लिए वायरलेस सिस्टम, मास्टर कंट्रोल रूम, और देहरादून के आइसीसी सेंटर से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया गया। प्रात: काल बैलपडाव रेंज के छोई बीट के बरूवा प्लाट सं0 05 में आग लगने की सूचना मिली, जिस पर टीम 01 फायर रैक, पाठल, दराती, ब्लोअर आदि लेकर मौके पर रवाना हुई। टीम ने आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन इस दौरान विभाग के एक कर्मचारी घायल हो गए। इस पर वायरलैस के माध्यम से कन्ट्रोल रूम को सूचित किया गया और स्वास्थ्य विभाग की टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। घायल कर्मचारी को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

## एक नजर

### हिन्दू सम्मेलन को भव्य रूप से मनाया जाएगा

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में भव्य हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को सम्मेलन के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता हुई। आयोजकों ने बताया कि 22 फरवरी को अल्मोड़ा के सिमकनी खेल मैदान में आयोजित सम्मेलन को भव्य रूप दिया जाएगा। वहीं, नगर में बाइक रैली भी निकाली जाएगी। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि एसएसजे परिसर के सिमकनी खेल मैदान में सम्मेलन का आयोजन किया गया जाएगा। बताया कि लक्ष्मेश्वर तिराहे से लेकर चौघानपाटा होते हुए सिमकनी मैदान तक बाइक रैली निकाली जाएगी। वहीं, सम्मेलन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बताया कि सम्मेलन सांस्कृतिक जागरण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। चंद्र प्रकाश फुलेरिया, पार्षद अमित साह मोनू, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, कैलाश गुरुरानी, देवाशीष नेगी, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक, बिना नयाल, हेमा कांडपाल, गीता जोशी, रूप सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### छात्र समस्याओं के जल्द समाधान की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** एबीवीपी ने छात्र समस्याओं के समाधान में हो रही देरी के विरोध में बुधवार को परिसर में प्रतीकात्मक रूप से हवन कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि लंबे समय से समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी, शैक्षणिक व्यवस्थाओं में अव्यवस्था और छात्र हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर प्रशासन उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्रों को बार-बार आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी के विरोध में परिषद ने हवन के माध्यम से परिसर प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि की कामना करते हुए प्रतीकात्मक संदेश दिया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही छात्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी और इसे और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एबीवीपी का यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्र हितों की रक्षा के लिए है और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में रोहित कुमल्टा, साहिल नेगी, भास्कर जोशी, लकी जोशी, लक्ष्य मेहता, नीरज टाकूली, पूजा असवाल, निखिल उप्रेती, पारस, हिमांशु परगई, माया, सूरज गड़िया, करन मेहता, कमल भैसोड़ा, कारण सिंह आदि शामिल रहे।

### जनजातीय महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि संचार विभाग द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वित्तपोषित जनजातीय उपयोजना (टीएसपी) के तहत 16-17 फरवरी 2026 को 'मिलेट्स, सब्जी उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से जनजातीय महिलाओं का सशक्तिकरण' पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ब्लॉक सितारगंज के ग्राम वमनपुरी की अनुसूचित जनजाति महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. जेपी जायसवाल ने मिलेट्स और सब्जी आधारित मूल्य संवर्धन को आयवर्धन का प्रभावी माध्यम बताया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मिलेट्स उत्पाद निर्माण, उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक और विपणन कौशल सिखाए गए। साथ ही फायर अधिकारी दुर्गा सिंह और उमेश सिंह ने फसलों को आग से बचाने के उपायों पर प्रशिक्षण दिया। समापन पर महिलाओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास प्राप्त करने की बात की। प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्हें आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज

**बागेश्वर।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन बागेश्वर के बैनर तले कर्मचारियों ने एक बार फिर पुरानी पेंशन (ओपीएस) की बहाली की मांग को लेकर आवाज़ उठाई। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पालनी के नेतृत्व में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कर्मचारियों ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे का सहारा होती है, जबकि नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों का जीवन असुरक्षित है। वक्ताओं ने ओपीएस की मांग को लेकर जल्द जिले में विशाल रैली आयोजित करने का ऐलान किया और सभी कर्मचारियों को एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान बताया गया कि जिले के 14 अन्य संगठनों ने भी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनएमओपीएस को समर्थन दिया है। इस मौके पर भारतेंदु पंत, चंद्र शेखर कालाकोटी, लक्षण कोरंगा, संजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर

**बागेश्वर।** बागेश्वर में बुधवार को जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत नुमाइशखेत में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। कुल 32 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। शिविर में लोक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, विद्युत, पेयजल और सिंचाई विभाग से जुड़ी शिकायतें आईं। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को सेवाएं, प्रमाणपत्र एवं परामर्श मौके पर प्रदान किए। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने इस कार्यक्रम को प्रशासन और जनता के बीच मजबूत सेतु बताया। इस मौके पर परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन

**काशीपुर।** एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन कटरामालियान में स्वयंसेवियों ने रक्तदान जागरुकता रैली निकाल कर जनमानस को रक्तदान करने के लिए जागरुक किया। बौद्धिक सत्र में तबाता वर्कआउट क्लब के ट्रैनर हिमांशु सिंह ने फिटनेस, संतुलित आहार, स्वस्थ खानपान, व्यायाम एवं फिट रहने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्वयंसेवियों ने शिविर स्थल में सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली द्वारा हेलमेट पहनने, वाहन को धीमा चलाने की अपील की। बौद्धिक सत्र में डा. शालिनी सिहं बीएड विभाग द्वारा योग का महत्व एवं विभिन्न योगासन जैसे-ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुराशन, उष्ट्रानस आदि प्राणायाम अनलोम, विलोम, कपालभांति, नाड़ीशोधन, एवं सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविधालय की प्राचार्या डा. कीर्ति पन्त, उपप्राचार्या डा. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डा. वन्दना सिहं, डा. गीता मेहरा, समस्त स्टॉफ, शिवानी, प्रिंयका, हर्षिता, आदि उपस्थित रहें।

### तेज आवाज साइलेंसर लगी बाइक सीज

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आगामी पर्व (होली एवं रमजान) के दृष्टिगत मुख्य बाजार/ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सायंकालीन गश्त की जा रही है। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर भी रखी जा रही है। मंगलवार देर सायं एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में पैदल गश्त के दौरान रेट्रो साइलेंसर मोटरसाईकल को सीज किया गया। रेट्रो साइलेंसर (तेज आवाज वाले साइलेंसर) न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है बल्कि आम जनता, बुजुर्गों, मरीजों एवं विद्यार्थियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनता है। कोतवाली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों में अवैध साइलेंसर का प्रयोग न करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से

**बागेश्वर।** खेल विभाग बागेश्वर द्वारा स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 20 फरवरी 2026 को इंडोर स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में किया जाएगा। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग (बालक और बालिका) के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति के आधार पर आयोजित होगी। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए सुबह 10 बजे तक इंडोर स्टेडियम में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति लानी होगी। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# लालकुआं में जनता के द्वार पहुंची सरकार

## बहुउद्देशीय शिविर में किसानों और आम जनता की समस्याओं का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के दूसरे चरण में नगर पंचायत लाल. कुआं परिसर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं का तत्काल समाधान करना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाना था। शिविर में किसानों ने सिंचाई, विद्युत, सड़क और पेयजल से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से रखा। खासकर नगर पंचायत द्वारा बनाए गए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के आवासों का किराया बढ़ाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किराया बढ़ाने से मना किया और इसे पूर्व दरों पर ही बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त किसानों ने सिंचाई के लिए गूलों और नहरों की मरम्मत, सफाई, और नए गूलों के निर्माण की मांग की, जिसे जिला. धिकारी ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। वहीं, लो वोल्टेज और बिजली की समस्या के समाधान के लिए भी कदम उठाए गए।



शिविर में 105 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया। बाकी समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को 15 दिन के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री, गोला नदी में भू-कटाव, और गंगापुर में स्टोन क्रेशर द्वारा उत्पन्न समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया। इन मुद्दों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वा. सन दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 125 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आयुर्वेद, होम्योपैथी, तथा अन्य विभागों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह लोटनी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य नागरिक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### दिवंगत पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहायता

**लालकुआँ।** लालकुआँ के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार उमेश राणा को राज्य सरकार के मुख्यमंत्री पत्रकार कल्याण कोष से आर्थिक सहायता के रूप में पांच लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। बुधवार को लालकुआं में आयोजित जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम के दौरान आर्थिक सहायता का चैक जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने दिवंगत पत्रकार उमेश राणा की पत्नी नूतन राणा को सौंपा। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी गिरिजा जोशी, अहमद नदीम सहित लालकुआँ प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट, मुन्ना अंसारी, दिनेश पाण्डेय, ऐजाज हुसैन, शैलेन्द्र कुमार सिंह, शानू, भुवन रूवाली थे।



# शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न होंगी बोर्ड परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचौड़ में सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे एवं पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने की। बैठक में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एसपी सिटी ने बताया कि प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए अलग से सुरक्षा कर्मी लगाए जाएंगे। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित एसओपी के अनुसार कड़ी चेकिंग व फ्रिस्किंग कराई जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं पुलिस अधिकारियों का एक समन्वय ग्रुप भी बनाया जाएगा। एसपी ने सभी कक्ष निरीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, डिजिटल डिवाइस एवं अन्य प्रतिबंधित उपकरणों की सघन जांच सुनिश्चित की जाए ताकि नकल पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। बैठक में रामनगर एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, नैनीताल नवाजिश खालिक, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# डंपर से बैटरी चुराने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया पुलिस ने डंपर से बैटरी चोरी के आरोप में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की गई बैटरी बरामद की गई।



चोरगलिया थाना प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 17 फरवरी मंगलवार को अंबेडकर नगर वार्ड नंबर-1 लाल. कुआं निवासी ने चोरगलिया थाने पहुंचकर तहरीर दी कि अज्ञात चोरों ने उनके डंपर से बैटरी चोरी कर ली। निरीक्षक हरपाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एसआई नीशू गौतम के नेतृत्व में एक टीम गठित की और चोर की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान टीम ने शातिर चोर आदित्य कुमार उर्फ विक्की पुत्र रमेश लाल निवासी धर्मगढ़ थाना चोरगलिया को रेखालखत्ता के पास से डंपर से चोरी की गई बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसआई नीशू गौतम, एआई मनजीत सिंह, कांस्टेबल जगदीश सिंह शामिल रहे।

# वनों को आग से बचाने के लिए मॉकड्रिल

## वन विभाग ने परखे बंदोबस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वनाग्नि की रोकथाम एवं आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हल्द्वानी वन प्रभाग में व्यापक स्तर पर वनाग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के तहत हल्द्वानी वन प्रभाग में प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशन में छकाता रेंज के अंतर्गत हनुमानगढ़ी क्रू स्टेशन के समीप वनाग्नि मॉक ड्रिल आयोजित हुई। मॉक ड्रिल में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ, राजस्व विभाग, सीआरपीएफ, गैर-सरकारी संगठन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी, युवा मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों ने सहभागिता की। मॉक ड्रिल के दौरान सभी अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों एवं वायरलेस संचार उपकरणों का परीक्षण किया गया। मास्टर कंट्रोल रूम के साथ संचार व्यवस्था की जांच की गई तथा फील्ड कर्मचारियों एवं लाइन विभागों को उनके दायित्वों के संबंध में ब्रीफ किया गया। वन विभाग मुख्यालय देहरादून द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से फायर पॉइंट्स के जीपीएस निर्देशांक साझा किए गए जिसके आधार पर फील्ड में कार्रवाई की गई। काल्पनिक स्थिति में फायर वॉचर के घायल होने की सूचना पर तत्काल एसडीआरएफ एवं चिकित्सा दल को तैनात किया गया। घायल को सुरक्षित निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से निकटतम सरकारी अस्पताल भेजा गया। आग के फैलने की सूचना पर अग्निशमन विभाग को बुलाया और स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कम समय में आग पर पूर्ण नियंत्रण किया। इस दौरान उप प्रभागीय अधिकारी गणेश जोशी, वन क्षेत्र अधिकारी लक्ष्मण सिंह मार्तोलिया, प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# टेंपो व ई-रिक्शा चालकों को पढ़ाया यातायात का पाठ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यातायात संबंधित अनियमितताओं, दुर्घटनाओं, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए बुधवार को यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा ने टेंपो और ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यातायात निरीक्षक महेश चन्द्रा ने वाहन मालिकों को निर्देशित किया कि वे अपने वाहनों के आगे और पीछे बड़े और स्पष्ट अक्षरों में नंबर प्लेट लगवाएं, ताकि वाहनों की पहचान आसानी से हो सके। इस बैठक में टेंपो और ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रिंस आहूजा, उमेश चंद्र जोशी, देवीदत्त बहुगुणा, शेर सिंह बिष्ट, राजा आहूजा, गिरीश जोशी, सच्चिदानंद और अन्य सदस्य मौजूद थे।

# उत्तराखंड ने तेलंगाना को 6-1 से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में बुधवार को उत्तराखंड सचिवालय की टीम ने तेलंगाना को 6-1 से हराया। तेलंगाना ने पहले क्वार्टर में एक गोल कर 1-0 की बढ़त बनाई, लेकिन उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने जल्दी ही जवाब दिया। उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने काउंटर अटैक में पेनल्टी कॉर्नर बनाया और जिस पर मोहित सिंह ने बिना मौका गवाये शानदार गोल दाग दिया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में उत्तराखंड ने अपनी पकड़ मजबूत की। महेश्वर नेगी ने दो गोल किए, जबकि दीपक जोशी ने एक गोल दागा। इस प्रकार उत्तराखंड की टीम ने तीसरे क्वार्टर में 4-1 की बढ़त बना ली। अंतिम क्वार्टर में वरुण बेलवाल ने गोल के प्रयास में पेनल्टी स्ट्रोक दिलाया, जिस पर भूपाल चुफाल ने गोल किया। इसके बाद वरुण बेलवाल ने एक और शानदार फ्लिक से गोल करके उत्तराखंड की बढ़त को और पक्का किया। इस जीत के साथ उत्तराखंड सचिवालय की टीम पूल जी में शीर्ष स्थान पर आ गई। टीम के मैनेजर केसी पंत ने बताया कि अगला मुक. ाबला 20 फरवरी को बिहार के खिलाफ होगा। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की।



### नीरज व रामराज ने जीता मुकाबला, अगले चरण में किया प्रवेश

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के तत्वावधान में चल रही जिला क्रिकेट लीग के तहत बुधवार को गौलापार के दो अलग-अलग मैदानों पर दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में प्लेफिट क्रिकेट क्लब और नीरज राठौर ब्लू क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीरज राठौर ब्लू क्रिकेट क्लब ने 50 ओवरों में सभी विकेट खोकर 315 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश चौधरी ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 100 रन बनाए, जबकि मुकेश बेहरा ने 71 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्लेफिट क्रिकेट क्लब की टीम 42.1 ओवरों में 211 रन पर सिमट गई और नीरज राठौर ब्लू क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला 103 रनों से अपने नाम किया। दूसरा मैच वैंडी क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में आर्यन क्रिकेट क्लब और रामराज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रामराज क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट खोकर 295 रन बनाए। टीम की ओर से प्रताप सिंह ने 106 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि गोल्डी मलिक ने 47 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट क्लब की टीम 50 ओवरों में नौ विकेट खोकर 255 रन ही बना सकी। रामराज क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला 40 रनों से जीतकर अगले चरण में प्रवेश किया।

# बच्चों को बांटी पाठ्य पुस्तकें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाषनगर में बुधवार को साथी संगठन के सहयोग से लाइब्रेरी के लिए एक अलमारी और बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई। यह सामग्री स्व. उषा हरयाल की स्मृति में उनके पोते शिव हरयाल ने भेंट की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या फराह खान ने दानदाता का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथी संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी एवं संरक्षक लीलाधर पांडे ने कहा कि विद्यालयों में दिया गया दान राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी ध्यान देने का संदेश दिया। महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि प्रत्येक अच्छा कर्म दान है और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। प्रधानाचार्या फराह खान ने दानदाता एवं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। समापन पर अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी ने बच्चों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर आनंद सिंह रावत, जीवन चंद पैंतोला, राजेंद्र सिंह बोरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।



### छात्रा लापता गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जीजीआईसी में पढ़ने वाली की एक छात्रा लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसारामपुर रोड निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में लिखा, उसकी 20 वर्षीय बेटी जीजीआईसी में 12वीं की छात्रा है। बताया कि बीती 9 फरवरी को रोज की तरह वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन लौट कर घर नहीं आई। परिजनों ने स्कूल में पूछताछ की तो पता लगा कि छात्रा स्कूल आई ही नहीं। परि. जनों ने काफी खोजबीन की लेकिन छात्रा का कोई पता नहीं चला। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

# 200 ग्रामीणों ने उठाया निशुल्क नेत्र शिविर का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जीवन चेतना फाउंडेशन द्वारा फतेहपुर स्थित गांधी आश्रम, खीमपुर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 200 से अधिक ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शि. विर में ज्योति नेत्रालय के अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों की आंखों की विस्तृत जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए। ग्रामीणों ने इस पहल का लाभ उठाया और संस्था के प्रयासों की सराहना की। शिविर का आयोजन संस्था के संस्थापक प्रवीन कुमार पाण्डे, सदस्य कमल भट्ट, दीपक जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।



### स्कूटी लेकर निकला व्यक्ति लापता

**हल्द्वानी।** स्कूटी लेकर घर से हल्दूचौड़ जाने के लिए निकला एक व्यक्ति अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार डहरिया निवासी करन नामक युवक ने पुलिस को तहरीर दी कि उनके पिता रमेश जोशी 30 जनवरी को घर से स्कूटी लेकर हल्दूचौड़ जाने की बात कहकर निकले थे। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। करन ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पिता की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई।

# मोबिन की कॉल रिकार्ड खंगालेगी पुलिस

## आर्म्स डीलर से जुड़े हो सकते हैं मोबिन के तार!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के गौजाजाली क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी और पूर्व शिक्षक मोबिन खान के घर से एके-47 के कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। आरोपी के मोबाइल फोन से सीडीआर खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसे प्रतिबंधित हथियार और कारतूस कहां से मिले। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि गौजाजाली उत्तर निवासी मोबिन खान का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास रहा है। पहले वह दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट की सजा काट चुका है। इसके बाद शिक्षा विभाग से बर्खास्तगी का दाग उस पर है। ऐसे में अब एके-47 और अन्य हथियार-कारतूस मिलने के बाद उसकी हिस्ट्री की जांच की जा रही है। मोबाइल फोन इसका सबसे बड़ा माध्यम हो सकता है जिससे कई अनसुलझे सवालों के जवाब मिल सकेंगे। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल को निर्देश दिए हैं कि आरोपी मोबिन के मोबाइल फोन की सीडीआर खंगाली जाए और पिछले एक साल की कॉल डिटेल्स निकाली जाए। इसके साथ ही आरोपी की कॉल डिटेल में 20 ऐसे नंबर को चिह्नित किया जाए, जिससे मोबिन की सबसे अधिक बार बात हुई हो। इससे सुराग मिलेगा कि उसकी कैसे और किन लोगों से बात होती थी। इसके अलावा, व्हाट्सएप कॉलिंग, चैट्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की गतिविधियों की भी जांच की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल से मदद ली जाएगी।

### व्हाट्सएप कॉलिंग, चैट्स और सोशल मीडिया की जांच मोबिन के घर से बरामद हुआ था असलहे व कारतूसों का जखीरा

### कार्यबहिष्कार का ऐलान

**हल्द्वानी।** लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज बेस अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का मन बना लिया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 1 मार्च से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बुधवार को चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ की बेस अस्पताल शाखा की ओर से पीएमएस को ज्ञापन सौंपा गया। शाखा अध्यक्ष मनोज सिंह और सचिव भुवन पांडे ने बताया कि अस्पताल में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे कार्य का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। साथ ही लंबे समय से वर्दी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि कई बार लिखित व मौखिक रूप से प्रबंधन को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार 20 से 25 फरवरी तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। 26 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

# क्षय रोग उन्मूलन पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डा. उमेश एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डा. साधना अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यशाला में टीबी एवं श्वास रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रवि कुमार शर्मा ने क्षय रोग (टीबी) के कारण, लक्षण, प्रसार एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्यूबरकुलोसिस एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो वायु जनित जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के कारण होता है। यह रोग मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, हालांकि शरीर के अन्य अंग भी इसकी चपेट में आ सकते है। डा. शर्मा ने बताया कि सक्रिय टीबी रोगी द्वारा दूषित हवा में सांस लेने से यह बीमारी फैलती है। समय पर एवं पूर्ण उपचार न होने की स्थिति में यह जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित, मधुमेह से पीड़ित एवं धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों में टीबी होने का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को तीन दिन से अधिक समय तक बुखार या लगातार खांसी की शिकायत हो तो उसे तुरंत टीबी की जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान और उपचार से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कार्यशाला में टीबी एवं श्वास रोग विभागाध्यक्ष डा. राम गोपाल नौटियाल, डक्क उमेश, डक्क साधना अवस्थी, हरिशंकर पाण्डेय, डा. ठक्कर हेमाबेन, डा. सांभवी, डा. उत्कर्ष, डा. रुद्रेश नेगी, डा. सौरभ, डा. सोमेश मेहरा के अलावा रेजिडेंट चिकित्सक, पीजी एवं एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




### आउटसोर्स कर्मियों का प्रदर्शन

**हल्द्वानी।** जल संस्थान में आउटसोर्स माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों ने दस वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को विभागीय नियुक्ति देने की मांग को लेकर बुधवार को बुद्धपार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी तीन सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। धरने को कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश और उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिका. रियों ने भी समर्थन दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को न तो समान वेतन मिल रहा है और न ही सेवा सुरक्षा। यह उनके साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि समान कार्य के बदले समान वेतन का लाभ दिया जाए, दस वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा पौड़ी गढ़वाल में बिना नोटिस हटाए गए 38 कर्मचारियों को शीघ्र बहाल किया जाए।

# निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का चौथा चरण 22 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव सेवा और लोककल्याण की भावना को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ आगामी रविवार 22 फरवरी को देशभर में एक साथ किया जाएगा। यह अभियान परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है। इसी क्रम में संत निरंक. ारी ब्रांच हल्द्वानी द्वारा रानीबाग स्थित चित्राशिला घाट, गार्गी नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्थानीय स्वयंसेवक जल स्रोतों की सफाई कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश देंगे। संत निरंक. ारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ संचा. लित होगा, जिससे यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप ग्रहण करेगा। उन्होंने बताया यह पहल जल संरक्षण को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली और संस्कार के रूप में अपनाने की प्रेरणा देती है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए समर्पित इस जनआंदोलन के पहले तीन चरणों में व्यापक जनसहभागिता देखने को मिली। अभियान के दौरान गीत-संगीत, सामूहिक गान, जागरूकता संगोष्ठियों और सोशल मीडिया के माध्यम से जलजनित रोगों तथा स्वच्छता के महत्व पर जनचेतना को बढ़ावा दिया जाएगा।

### सीएम को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ोतरी संबंधी घोषणा को शीघ्र लागू किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को उत्तराखण्ड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन भेजा। समिति के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष डा. हरीश पाल ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि पिछले वर्ष राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में बढ़ोतरी की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि बढ़ी हुई पेंशन न मिलने के कारण कई राज्य आंदोलनकारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बढ़ी हुई पेंशन जारी करने के आदेश पारित करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन पर दीवान सिंह बिष्ट, पीसी दानी, डीएन जोशी, भास्कर साह, सुशील भट्ट, प्रकाश जोशी, अमित सिंह, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष

## बीच–बचाव करने आई बुजुर्ग महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**दिनेशपुर।** पति–पत्नी के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट के दौरान बीच–बचाव करने पहुंची 70 वर्षीय महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं, झगड़े में दामाद भी गंभीर रूप से घायल हो गया है।



मिली जानकारी के अनुसार दिनेशपुर निवासी सोनू और उसकी पत्नी सुरभि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुरभि ने अपने मायके पक्ष को सूचना दी। थोड़ी ही देर में सुरभि के परिजन सोनू के घर पहुंच गए। शुरुआत में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। मारपीट के दौरान सोनू की 70 वर्षीय मां संध्या बीच–बचाव करने पहुंची।

आरोप है कि इसी दौरान सुरभि के भाइयों ने उनके साथ मारपीट की। गंभीर चोट लगने से संध्या अचेत हो गईं। परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और परिजन गहरे सदमे में हैं। इस झगड़े में दामाद के भी गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी डीआर वर्मा फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की गहन जांच जारी है। घटना के बाद दिनेशपुर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग इस घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्य वन संरक्षक (वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन) के निर्देशन में संजय वन क्षेत्र के धीमरी ब्लॉक, प्लॉट संख्याख55, पत्थरचट्टा जंगल, उत्तरी टांडा रेंज, रुद्रपुर में वनाग्नि रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।



प्रात: 10:46 बजे वन विभाग के कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचना पर जिला आपदा नियंत्रण कक्ष द्वारा तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराया गया, जिसके बाद आईआरएस (इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम) के तहत सभी संबंधित विभागों की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। मॉक ड्रिल के दौरान लगभग 01 हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग एवं आपदा प्रबंधन दल की संयुक्त टीमों ने समन्वित प्रयास करते हुए फायर लाइन बनाकर आग पर नियंत्रण पाया। एक घायल व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। लगभग 11:48 बजे तक आग पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया गया। इस अभ्यास में पुलिस बल, चिकित्सा दल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग की टीमें एवं अन्य कार्मिकों सहित कुल विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला आपदा प्रबंधन वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल से आईआरएस प्रणाली के अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी द्वारा समय–समय पर मॉक ड्रिल कर कंट्रोल रूम, स्टेजींग एरिया और इंसिडेंट एरिया में समन्वय स्थापित किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य वनाग्नि की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा विभागीय तैयारियों का परीक्षण करना था। वर्तमान में स्थिति पूर्णत: सामान्य है।

## एक नजर

# धर्म की राजनीति से समाज को खतरा: संधू



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** बहुजन राजनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। चरनजीत सिंह संधू, जो बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा संयोजक हैं ने प्रेस वार्ता आयोजित कर वर्तमान राजनीतिक माहौल पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में कुछ संगठन समाज को जोड़ने के बजाय धर्म की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं, जो लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के लिए चिंताजनक स्थिति है।

**टिकट मिलने पर ही चुनाव लड़ेंगे संधू, मायावती के नेतृत्व पर जताया भरोसा**

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी राजनीतिक निष्ठा पूरी तरह पार्टी और उसकी विचारधारा के प्रति समर्पित है। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से लगातार बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। संधू ने यह भी कहा कि यदि पार्टी सुप्रीमो मायावती उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती हैं, तभी वह आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि मायावती के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा सर्वसमाज के सम्मान और समान अधिकारों की बात की है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उनके अनुसार बहुजन समाज पार्टी की नीतियां सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने पर आधारित रही हैं। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी आरोप लगाया कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनकी फ्लैक्सियां हटा दी हैं और कई स्थानों पर उनकी फ्लेक्स के ऊपर अपनी फ्लेक्स लगा दी है यह ओछी राजनीति है जनता समझ चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाने की अपील की।

# भ्रमण कर पालिकाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बुधवार को वार्ड नंबर 17 में व्यापक जनसंपर्क एवं भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त वार्ड वासियों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान विभिन्न समस्याओं, जरुरतों एवं विकास संबंधी प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



उन्होंने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। वहीं पालिका अध्यक्ष जोशी ने वार्ड वासियों को उनकी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्या, जेई प्रेम गिरी, सभासद प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया डेमाग्राफी चेंज के खेल का भंडाफोड़

- एसटीएफ ने जनसेवा केंद्र संचालक को दबोचा
- मोबाइल एप से बदल देता था आधार का बारकोड



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** एसटीएफ कुमांयू यूनिट और ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक संयुक्त कार्यवाही के दौरान मछली मार्केट रोड पर संचालित 'गंगवार जनसेवा केंद्र' में छापेमारी कर फर्जी दस्तावेज बनाने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्र में कूटरचित आधार कार्ड, पैन कार्ड, हाईस्कूल की फर्जी अंकतालिकाएं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान चेतन कुमार पुत्र राजपाल, निवासी रामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में शिमला बहादुर की गड्डा कॉलोनी में रह रहा था।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सिडकुल में नौकरी पाने के इच्छुक बाहरी राज्यों के लोगों को अवैध रूप से उत्तराखंड के पते पर फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस सूचना पर उपनिरीक्षक विपिन जोशी और उनकी टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर दुकान पर दबिश दी। मौके पर मौजूद चेतन कुमार के पास से दो ऐसे आधार कार्ड बरामद हुए, जिनमें अंकित बारकोड को स्कैन करने पर असली नाम चेतन कुमार का ही सामने आया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह 'पिक्सेल लैब' नामक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए किसी भी आधार या पैन कार्ड में कस्टमर का फोटो, नाम और पता एडिट कर देता था। इसके बाद वह कूटरचित बारकोड चस्पा कर उसका प्रिंट निकालकर ग्राहकों को मनमाने दामों पर बेचता था। पुलिस ने जनसेवा केंद्र से एक कलर प्रिंटर, मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर और एक पोको कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे। बरामदगी की सूची में 42 आधार कार्ड (2 कूटरचित), 55 पैन कार्ड (1 कूटरचित), 9 हाईस्कूल की अंक तालिकाएं (8 कूटरचित छायाप्रतियां), 11 फोटो पेपर शीट और 9 हजार रुपये की नकदी शामिल है। तलाशी के दौरान कंप्यूटर की स्क्रीन पर भी फर्जी अंकतालिकाओं की प्रतियां प्रदर्शित हो रही थीं। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि सिडकुल की कंपनियों में भर्ती के लिए स्थानीय दस्तावेजों की मांग की जाती है, जिसका फायदा उठाकर वह लंबे समय से यह अवैध धंधा कर रहा था। आरोपी के पास जनसेवा केंद्र चलाने का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज भी नहीं मिले। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 336(3), 338 और 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। कार्यवाही के दौरान मौके की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर ई–साक्ष्य ऐप के माध्यम से साक्ष्य सुरक्षित किए गए हैं।

पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विपिन जोशी, कृष्ण गोपाल मठपाल, अकरम अहमद और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# टनकपुर में विशाल रोजगार मेला 21 फरवरी को

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार आगामी 21 फरवरी 2026 शनिवार को टनकपुर में एक दिवसीय विशाल 'रोजगार मेला' आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026' के अंतर्गत सैनिक कल्याण विश्राम गृह के निकट महोत्सव स्थल पर आयोजित होगा। मेले का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

जिला सेवायोजन अधिकारी आर. के. पंत ने बताया कि मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं, जिनमें टाटा मोटर्स, अशोक लेलैंड, क्वैस कॉर्प, पुखराज हेल्थकेयर और सार्थ एडेक स्किल एकेडमी सहित 15 से अधिक राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों के मानव संसाधन प्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध 4000 से अधिक रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। मेले में हाईस्कूल (10वीं), इंटरमीडिएट (12वीं), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और बी.टेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार 12,000 रुपये से 22,000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, जीवन–वृत्त एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ 21 फरवरी को प्रात: 9:00 बजे मेला स्थल पर उपस्थित हों। अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। क्यूआर कोड के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के अधिक से अधिक युवाओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# चेकिंग अभियान में 18 वाहन सीज, 80 का किया चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ संदीप वर्मा ने किया।

अभियान के दौरान कुल 18 वाहनों को विभिन्न अनियमितताओं के चलते सीज किया गया, जबकि 80 वाहन चालकों के चालान काटे गए। जांच में बिना फिटनेस, ओवरलोडिंग, बिना परमिट संचालन, बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए। एआरटीओ संदीप वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। लगातार हो रही सख्त चेकिंग के चलते क्षेत्र में वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# स्मार्ट मीटर के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ता को किया प्रेरित

- उपखंड क्षेत्र में 50 प्रतिशत उपभोक्ता अपना चुके हैं स्मार्ट मीटर: एसडीओ



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अदानी ग्रुप द्वारा सांई मीडिया इंटरप्राइजेज के माध्यम से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उपखंड अधिकारी कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कलाकारों ने स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे बताये और उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जागरूक किया।

उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष विद्युत बिल जमा करने आये उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने से समय की बचत सहित अन्य फायदे बताएं। कार्यक्रम में मौजूद उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि अभी तक उपखंड क्षेत्र में 50 प्रतिशत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से तमाम समस्याओं से बचने के लिए स्मार्ट मीटर अपनाने की अपील की। विद्युत उपभोक्ताओं के समक्ष किशन लाल, जितेंद्र प्रकाश चंद्र, गौरव कुमार, चंद्र प्रकाश, निकिता तिवारी एवं चेतन द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान अवर सहायक अभियंता पवन कुमार उप्रेती, मोहन सिंह परगांई, ओम प्रकाश राणा, अभिनव शर्मा, राजेंद्र राणा, सीपी शर्मा, भुवन चंद्र शर्मा, गणेश पंत, विशन राणा, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

# बहुउद्देशीय शिविर में 779 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बाजपुर के चीनी मिल परिसर में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल बहुउद्देशीय जनसमस्या निवारण शिविर का बुधवार को आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 1000 लोगों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 779 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला। शिविर में 23 विभागों ने संयुक्त रूप से स्टॉल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं। कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

शिविर के दौरान कुल 260 प्रमाण पत्र जारी किए गए। इनमें 03 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 10 आयुष्मान कार्ड, 34 परिवार रजिस्टर नकल, 36 जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, 09 राशन कार्ड निरस्तीकरण, 26 यूसीसी प्रमाण पत्र, 49 जाति/स्थायी/आय प्रमाण पत्र, 02 उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, 04 हैसियत प्रमाण पत्र, 03 यूडीआईडी, 05 नए राशन कार्ड, 03 श्रम कार्ड, 02 मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 63 आधार अपडेशन/करेक्शन, 09 नए आधार कार्ड तथा 02 ईडीपी सर्टिफिकेट जारी किए गए। नोडल अधिकारी के रूप में मलकीत सिंह (आपूर्ति विभाग) एवं संचालन खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने किया।

कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, उप जिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, राजेश कुमार, गौरव शर्मा, बिट्टू चौहान, यशपाल राजहंस, शुभम पांडे, राजीव कुमार सैनी, गोपाल कोछर, रमेश गर्ग गोल्डी, विकास महंत, प्रताप चौहान, सुरेश चंद्र पंत, सतीश सैनी, डॉ. पीडी गुप्ता, रेनू यादव, नगमा परवीन, सुमित चौहान, लेखराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम ने रामनगर के मुख्य बाजार में आधा दर्जन से अधिक थोक और डिस्ट्रीब्यूटर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री को विक्रय करने,बिना बिल के खरीद न करने और स्टॉक का विवरण रखने के विशेष निर्देश दिए।खाद्य सामग्री का विक्रय एवं भंडारण न करने का निर्देश दिया गया।अपने स्टोर का नियमित रूप से साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए।वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया आगामी त्योहारों होली एवं रमजान को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है किसी भी सूरत में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा। उन्होंने बताया कि मोहल्ला भवानीगंज में भी बिरयानी की दुकानों के निरीक्षण में एक दुकान पर लाइसेंस प्रस्तुत न कर पाने पर तीन दिन का समय दिया गया है।उन्होंने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर जनपद में संयुक्त टीमों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है जिसकी रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को भेजी जा रही है।

# आईटीबीपी जवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी में आज ऑपरेशनल तैयारी का भव्य प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें जवानों ने अपनी शारीरिक क्षमता, संतुलन और अदम्य साहस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमांडेंट संजय कुमार के निर्देशन में आयोजित इस प्रदर्शन को उपस्थित लोगों ने सांस थामकर देखा और गर्व का अनुभव किया कि देश की सीमाओं की रक्षा ऐसे ही पराक्रमी हिमवीर कर रहे हैं।



जवानों ने एक भवन से दूसरे भवन तक रस्सियों के सहारे चढ़ाई, ऊंचाई से नीचे उतरना, दीवारों पर चढ़ना और संकरी जगहों से तेजी से गुजरने जैसे रोमांचक और जोखिम भरे करतब दिखाए। उनकी फुर्ती और शारीरिक लचीलापन ऐसा था कि वे किसी भी कठिन परिस्थिति में अपने शरीर को मोड़ते हुए लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। कई करतब इतने अद्भुत थे कि दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।

कमांडेंट संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आईटीबीपी के जवानों को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वे किसी भी विषम परिस्थिति में मुस्कुराते हुए दृढ़ता के साथ मुकाबला कर सकें। उन्होंने कहा कि जहां आईटीबीपी का जवान तैनात है, वहां दुश्मन की कोई भी साजिश सफल नहीं हो सकती। इस ऑपरेशनल प्रदर्शन में निरीक्षक नरेंद्र सिंह, निरीक्षक गोपाल लाल वर्मा, उपनिरीक्षक उमेश चंद्र, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल राजपाल, सिपाही सागर सहित महिला आरक्षी राजलक्ष्मी, तुलसी और निहारिका ने शानदार प्रदर्शन कर यह साबित किया कि महिला हिमवीर भी किसी से कम नहीं हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में दुतिय कमान अधिकारी बेगराज मीणा, सूबे सिंह, सहायक सेनानी गौतम कुमार, जितेंद्र यादव, मनमोहन सिंह, प्रिंस कुमार दत्ता, डॉ अशरा बैतूल, डॉ शुभम मोहनपुरिया, अंकुर, सूबेदार मेजर दिनेश बिष्ट व एसआई सतवीर यादव सहित अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डेमो की सफलता के बाद कमांडेंट ने सभी अधिकारियों और जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह अत्यंत सफल और सुरक्षित आयोजन रहा, जिसमें किसी भी जवान को शारीरिक क्षति नहीं पहुंची।

# चम्पावत से शुरू हुई भारत की पहली 'पैरामोटर क्रॉस कंट्री'

शाह टाइम्स संवाददाता




**चम्पावत/टनकपुर।** चम्पावत की शांत वादियों ने आज रोमांच, साहस और संकल्प का अनूठा संगम देखा, जब चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के अंतर्गत भारत में पहली बार आयोजित की जा रही 'पैरामोटर क्रॉस कंट्री चम्पावत 2026' का भव्य आगाज हुआ। यह आयोजन भारतीय साहसिक पर्यटन के इतिहास में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मांडल जिले में शीतकालीन पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस अभिनव पहल के तहत 120 किलोमीटर लंबी पैरामोटर क्रॉस कंट्री उड़ान की शुरुआत की गई। सात जांबाज पायलटों ने एक साथ उड़ान भरते हुए दुर्गम पर्वतीय भूभाग के ऊपर से रोमांचक हवाई यात्रा आरंभ की। यह ऐतिहासिक उड़ान उचौलिगोठ से डांडा, रीठा और लोहाघाट होते हुए चौथे दिन टनकपुर पहुंचेगी। पर्वतीय वादियों के ऊपर से गुजरती यह यात्रा न केवल साहसिक खेल का अद्भुत प्रदर्शन है, बल्कि जनपद की प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का सशक्त माध्यम भी है। यह आयोजन केवल रोमांच तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष भर पर्यटन गतिविधियों को गति देने, शीतकालीन पर्यटन को नई पहचान दिलाने और पर्वतीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। चम्पावत की धरती से भरी गई यह उड़ान आने वाले समय में उत्तराखंड को एडवेंचर टूरिज्म का नया केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है।

# राष्ट्रीय पैरा वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन 25 से

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** 14 वीं राष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 25 से 28 फरवरी तक मरेठ उत्तर प्रदेश में आयोजित की जानी है , प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए रामनगर के डिग्री कालेज रामनगर में पैरालिपिक ऐसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के द्वारा पैरा सिटिंग बॉलीबॉल का चयन ट्रायल महिला वर्ग व पुरुष वर्ग आयोजित किया गया जिसमे 13 जिलो को पैरा खिलाडियो ने प्रतिभाग किया।इस में महिला वर्ग व पुरुष वर्ग के पैरा खिलाडियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया इस अवसर पर चयन ट्रायल का शुभाम्भ डिग्री कालेज के प्राचार्य मोहन चन्द्र, डाव योगेश,फायर स्टेशन के रविन्द्र कम्बोज,विपिन कम्बोज व छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णा कुमार,आदेश डबराल,सन्दीप चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।वर्ग के दीपक कुमार, रोहित कार्की, दिनेश कुमार रामेश , दिनेश कुमार, जगदीश व महिला वर्ग में पूजा कविता, रोशनी,महिला मनीषा, गंगा, सुमन लक्ष्मी, बबीता राना, रहनाज आदि का चयन हुआ। यह चयन ट्रायल, जिला नैनीताल और उद्यमसिंह नगर पैरालिंपिक संघ के जिला सचिव भारत कुमार, की देख रेख में सम्पन हुआ हैं।

# कूड़ा वाहन की चपेट में आने से मासूम की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पूछड़ी बिहारी टप्पर क्षेत्र में बुधवार को घर के पास खेल रही 6 वर्षीय मासूम बालिका आलिया की कूड़ा वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया, जिससे परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।आलिया पुत्री कमल हसन उम्र 6 साल निवासी बिहारी टप्पर ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में अपने गांव के अन्य बच्चों के साथ घर के समीप खेल रही थी। इसी दौरान तेज गति से आया एक कूड़ा वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया, प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि वाहन चालक नाबालिग था और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसा इतना गंभीर था कि बालिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,बताया जा रहा है कि मृतका को उसकी नानी और मामा पाल रहे थे,घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बिलख–बिलख कर रोने लगे। ग्रामीणों ने भी घटना का विरोध करते हुए चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।









# पूर्व नर्सिंग अधिकारी को हाई कोर्ट से राहत

## अतिरिक्त भुगतान की वसूली केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जा सकती है: उच्च न्यायालय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के विरुद्ध जारी रिकवरी आदेश पर न्यायिक सिद्धांतों का पालन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि अतिरिक्त भुगतान की वसूली केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जा सकती है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में टनकपुर संयुक्त अस्पताल से 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी तारावती निषाद की ओर से बताया गया कि उन्हें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर द्वारा रिकवरी आदेश दिया गया है। इस मामले में विभागीय



अधिकारियों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को त्रुटिवश अधिक वेतन दे दिया गया था जिसकी वसूली की जानी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि उन्होंने किसी प्रकार का छल, कपट या मिथ्या प्रस्तुतीकरण नहीं किया और न ही अतिरिक्त राशि प्राप्त करने के लिए कोई धोखाधड़ी की। यह भी कहा गया कि वसूली आदेश पारित करने से पूर्व उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। इस संदर्भ में अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय भी कोर्ट में प्रस्तुत किए। न्यायालय ने अपने पूर्व निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि किसी कर्मचारी से अतिरिक्त भुगतान की वसूली तभी की जा सकती है जब कर्मचारी स्वयं उस अधिक भुगतान के लिए उत्तरदायी हो जैसे कि उसने धोखाधड़ी या छलपूर्ण आचरण किया हो अथवा उसने वेतन निर्धारण के समय यह लिखित आश्वासन दिया हो कि यदि भुगतान की गई राशि अधिक पाई जाती है तो वह उसे वापस करेगा। उक्त सिद्धांतों के आलोक में न्यायालय ने वर्तमान याचिका का निस्तारण पूर्व निर्णय के अनुरूप करते हुए कहा कि यदि उपरोक्त दोनों में से कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है तो वसूली नहीं की जा सकती। साथ ही यदि याचिकाकर्ता के कोई स्वीकृत बकाया देय हों तो उन्हें प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से आठ सप्ताह के भीतर अदा किया जाए।

### सरकार समेत विभागों से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यमुना व दून घाटी में प्रस्तावित सड़क निर्माण प्रोजेकट में लगभग 7 हजार पेड़ों के कटान से पर्यावरण, वन्यजीवों सहित प्राकृतिक जल स्रोतों पर पड़ने वाले असर को लेकर दायर जनहित याचिका पर की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने नेशनल हाइवे एथॉरिटी, जैव विविधता बोर्ड, वन विभाग तथा राज्य सरकार सहित केंद्र सरकार से तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट की खंडपीठ ने तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार देहरादून की समाजसेवी रेनू पाल ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि यमुना व दून घाटी में आशारोडी व झाझरा के बीच गतिमान ग्रीन प्रोजेकट के तहत सड़क निर्माण के लिए लगभग 7 हजार पेड़ों का कटान किया जाना प्रस्तावित है। याचिका में कहा गया है कि ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत गतिमान सड़क निर्माण से पहले उत्तराखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड से कोई अनुमति नही ली गई है। बड़ी संखया में पेड़ों के कटान से पर्यावरण के साथ ही वन्यजीवों पर इसका विपरीत असर पड़ेगा क्योंकि इन जंगलों में बर्ड की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं और हाथियों का बफरजोन होने के साथ ही आसन बैराज है जिसमे हर साल कई देशों से विभिन्न प्रजाति के पक्षी आते हैं।

### राज्य सरकार को 4 सप्ताह की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में पुलिस विभाग में टेली कम्युनिकेशन में कार्यरत असिस्टेंट ऑपरेटरों की पदोन्नति नियमावली 2 वर्ष की जगह 5 वर्ष करने व पदों की संख्या कम किए जाने की नियमावली 2021 को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 4 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार पुलिस विभाग के टेली कम्नुकेशन के पद पर कार्यरत असिस्टेंट ऑपरेटर राधेश सिंह रावत तथा विपिन व अन्य ने पुलिस में सहायक ऑपरेटरों की पदोन्नति 2 वर्षों की सेवा अवधि को 5 वर्ष व पदों की संख्या कम किए जाने जाने वाले 2021 के शासनादेश को चुनौती देती याचिका दायर कर कहा है कि 2017 में जब वे पुलिस विभाग में टेली कमयुनिकेशन असिस्टेंट ऑपरेशन नियुक्त हुए थे तो 2 वर्षों की सेवा अवधि के बाद उन्हें पदोन्नति कर हेड ऑपरेट के पद पर नियुक्त कर दिया जाता था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी 2021 के शासनादेश के बाद पिछले 9 वर्षों बाद भी उन्हें पदोन्नति नही मिल पाई है। पहले इस विभाग में दो वर्ष की सेवा करने के बाद पदौन्नति देने का नियम था। लेकिन सरकार ने इस संसोधन करने कर दिया है। नौ वर्ष की सेवा करने के बाद भी उनकी पदोन्नति नहीं हुई।

### चेक बाउंस मामले में याचिका खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चेक बाउंस होने से जुड़े मामले में निचली अदालत द्वारा जारी सम्मनिंग आदेश पर हस्तक्षेप न करते हुए सम्मनिंग आदेश के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका हरिद्वार की संस्था अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज द्वारा दायर की गई थी। उनके खिलाफ पतंजलि आयुर्वेद द्वारा चैक बाउंस मामले में एक वाद हरिद्वार स्थित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दायर किया है। जिसके बाद कोर्ट ने अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज के खिलाफ सम्मनिंग आदेश अप्रैल 2022 में जारी किए थे। याची की ओर से कहा गया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नियमों का पालन किए बिना सममनिंग आदेश जारी किया है जबकि प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि चैक बाउंस के संपूर्ण साक्ष्य और अभिलेख निचली अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। इन तर्कों के आधार पर न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने निचली अदालत के आदेश पर हस्तक्षेप नहीं किया।

# यौन शोषण के आरोपी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी नैनीताल के ठेकेदार उस्मान खान के जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें बुधवार को भी फिलहाल कोई राहत नही देते हुए अगली सुनवाई हेतु 24 फरवरी मंगलवार की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार महरा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान के खिलाफ आरोप दर्ज है कि उसने 12 साल की नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया है। जब इसकी शिकायत परिजनों ने नैनीताल के मल्लीताल थाने में दर्ज की गई थी। स्थानीय लोगो ने इसका विरोध किया। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। उसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए आस्वासन दिया था कि जांच के उपरांत उस्मान को हिरासत में लिया जाएगा। आगे यह भी कहा कि आरोपी को जांच के उपरांत सजा मिलेगी। तब से आरोपी जेल में बंद है।

## कैंची धाम में गड़बड़ियों का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड के प्रसिद्ध कैंची धाम में गड़बड़ियों के मामले में हाईकोर्ट ने अधिवक्ता धम. रेंद्र बर्थवाल को न्यायमित्र अधिवक्ता नियुक्त किया है और सरकार, डीएम नैनीताल सहित अन्य से पक्षकारों से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु 4 सप्ताह की तिथि नियत की है, साथ में कोर्ट ने रजिस्ट्री से कहा है कि जनहित याचिका की प्रति न्यायमित्र को मुहैया कराएं। मामले की सुनवाई मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। बता दें पिथौरागढ़ निवासी ठाकुर सिंह डसीला की ओर से भेजे गए पत्र पर हाईकोर्ट ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है इसमें कहा गया है कि बाबा नीम करौली द्वारा स्थापित इस पवित्र धाम का संचालन करने वाले ट्रस्ट के बारे में मूलभूत जानकारी भी मुहैया नहीं हैं। मंदिर ट्रस्ट का नाम, पंजीकरण, कार्यालय का पता तथा ट्रस्टियों की संख्या और नियुक्ति संबंधी जानक. ारी स्थानीय प्रशासन और रजिस्ट्रार कार्यालय में मौजूद नहीं है। कहा है कि यहां के करोड़ों रुपये के चढ़ावा और आय-व्यय का खुलासा नहीं किया जाता। विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए विदेशी श्रद्धालुओं के एफसीआरए, लेखा जोखा और ऑडिट रिपोर्ट जारी न करने पर भी सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है कि बदरीनाथ-केदारनाथ धाम का संचालन एक अधिनियम तथा जागेश्वर मंदिर का प्रबंधन जिला प्रशासन की निगरानी में एक समिति के माध्यम से होता है। देशभर में भी मंदिरों में निगरानी की ठोस व्यवस्था है। यह भी कहा गया है कि धार्मिक ट्रस्टों का पंजीकरण भारतीय ट्रस्ट अधिनियम -1882 के तहत होता है इसलिए ट्रस्ट, पंजीकरण तथा ट्रस्टियों के संबंध में जानकारी, संपत्ति और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट जारी की जानी चाहिए।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन ने उठाई सुरक्षा की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल में लगातार दो दिनों से मिल रही ई-मेल धमकियों के



बाद जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जताते हुए जिला जज को पत्र भेजकर तत्काल उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। जिला बार संघ के सचिव दीपक रूवाली ने बुधवार को जिला जज को सौंपे पत्र में कहा कि पिछले दो दिनों से अज्ञात स्रोतों से ई-मेल के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं, इसके बावजूद न्यायालय परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है जिससे अधिवक्ताओं समेत न्यायालय कर्मचारियों तथा वादक. ारियों में भय का वातावरण व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय परिसर में कड़े और प्रभावी सुरक्षा प्रबंध किए जाना अत्यंत आवश्यक है। रूबाली समेत बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला जज से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर न्यायालय परिसर की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित कराई जाए ताकि सभी न्यायिक कार्य सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सकें।

### पंतनगर में सखी उत्सव का भव्य आयोजन

**पंतनगर।** हिंदुस्तान जिंक के पंतनगर प्लांट द्वारा आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में 1300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मंजरी फाउंडेशन की सखी परियोजना के तहत आयोजित किया गया, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में पंतनगर प्लांट की निदेशक अनामिका झा ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम पूरी तरह से आपके साथ हैं। ऊधम सिंह नगर की डीएम व्योमा जैन ने महिलाओं के अधिकारों और पाकसो एक्ट के बारे में जागरूकता दी। सखी उमंग सोसाइटी की अध्यक्ष रिहाना ने ऋण और ब्याज दरों के बारे में जानकारी दी, वहीं मंजरी पंतनगर की टीम लीडर श्रीमती खैरुल ने बताया कि इस परियोजना के तहत अब तक 5.11 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो महिलाओं के आत्मविश्वास और एकता को बढ़ावा देने में सहायक रहा।

### संगीत बंद करने को कहा, तो कमरे में बंद कर पीटा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में सेवानिवृत शिक्षक ने पड़ोसी से देर रात संगीत बंद करने को कहा तो पड़ोसी ने उनको पीट दिया। शिक्षक की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी डा. प्रहलाद की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह अमरालय क्षेत्र में किराये के मकान में रहते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अकसर कमरे में तेज आवाज में संगीत बजाता है। साथ ही गाली गलौच करता है। बीती रात 11 बजे जब पड़ोसी ने संगीत बंद नहीं किया तो उसने कमरे के बाहर जाकर संगीत बंद करने की बात कही। जिस पर पड़ोसी ने उनको कमरे के भीतर खींच मारपीट कर दी। चिल्लाने की आवाज सुन परिजनों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। रात ही उसने 112 पर पुलिस को मारपीट की सूचना देने के साथ उपचार कराया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ आरपीएफ का अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पांच वाहनों को जब्त कर उनके चालान किए गए। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक तरुण वर्मा ने बताया कि पीआरएस/टिकट काउंटर के पास अधिकृत टैक्सियों के अलावा अन्य वाहनों के खड़े होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अभियान शुरू किया गया। बुधवार को निरीक्षक तरुण वर्मा अपनी टीम के साथ टिकट काउंटर के पास पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान टीम ने संतोष मल्ला रामगढ़, गणेशचंद भुजियाघाट, संजय कुमार मंजुली, राशिद खान न्यू बस्ती, और संतोष टम्टा हरिपुर शिवदत्त सहित पांच वाहन नो-पार्किंग में खड़े पाए गए। टीम ने इन वाहनों को जब्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। सभी वाहन मालिकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

## तिब्बती समुदाय का तीन दिनी नव वर्ष लोसर शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** तिब्बती समुदाय का तीन दिवसीय नव वर्ष लोसर का आगाज मंगलवार से शुरु हो गया है। बता दें यह साल तिब्बती राजा वर्ष 2153 है, जिसका तत्व अग्नि और प्रतीक चिन्ह घोड़ा है और लिंग स्त्री है। यह वर्ष तिब्बती कैलेंडर के हिसाब से अग्नि स्त्री घोड़ा तिब्बती राजा वर्ष 2153 का होगा। लोसर के तहत मंगलवार को पहले दिन प्रात: सभी पूरे परिवार के साथ सब से पहले घर के मंदिर में एकत्र होकर बारी बारी सभी भगवान और देवी देवताओं और अपने पूज्य लामाओं को नववर्ष की हार्दिक बधाई चुटकी भर साधु के भोग हवा में उछालकर और मंदिर पर खातक चढ़ाते हुए ही अपने मनोक. ामनाएं पूर्ण होने की आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान सभी सदस्यों ने एक दूसरे को लोसर की बधाई दी। पारंपरिक नाश्ते में तिब्बती मक्खन वाली नमकीन चाय और मीठा चावल ड्रेसिल खाया और पारंपरिक तौर पर थोड़ा थोड़ा उबला हुआ चांग का सूप पिया। पहले दिन सिर्फ रिश्तेदारों के घर बधाई दी और बौद्ध मठ में दर्शन और बधाई दी। लोसर के दूसरे दिन यानी बीरवार को अब तिब्बती समुदाय के लोग दूसरों के घर बधाई देने जाएगें। नव बर्ष लोसर के तहत तीसरे दिन यानी शुक्रवार को सुख निवास स्थित बोध मठ में विश्व शांति, नगर की उन्नती, शांति खुशी और भाईचारा के लिए सामूहिक पूजा होगी। पूजा में परम पूज्य दलाई लामा जी की दीर्घायु तथा मंगल स्वस्थ और मंगलकामनाएं पूर्ण होने के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। इस दौरान पारंपरिक तौर पर मठ के आगे लगे हुए बड़ा ध्वज को भी बदला जाएगा। लोसर के शुभ अवसर पर तिबबती और भोटिया मार्केट तीन दिन के लिए पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी।

# फर्जी म्यूचुअल कंपनी पर कार्रवाई न होने की एसएसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में संचालित एक फर्जी मयूचुअल कंपनी की ओर से कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी के मामले में ठोस कार्रवाई न होने पर पीड़ितों ने आक्रोश जताया है। मामले में एक पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर विवेचना में लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता सावित्री देवी ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कहा है कि वर्ष 2019-20 में भूमि सेल्स इंडिया लिमिटेड नाम से एक कंपनी खोली गई थी। जिसे बाद में सरल भूमि कोऑपरेटिव अर्थन प्रॉफिट क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड और फिर यूजीबी मयूचुअल निधि लिमिटेड के नाम से संचालित किया गया। महिला ने आरोप लगाया है कि कंपनी के डायरेक्टर समेत सात लोगों ने निवेश के नाम पर लोगों से धनरा. शि जमा कराई और बाद में फरार हो गए। इस मामले में अगस्त 2020 में थाना मल्लीताल में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

विवेचक की ओर से सरसरी विवेचना करते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी गई जिसे न्यायालय ने 10 जून 2022 को खारिज कर पुन: विवेचना के आदेश दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि इसी कंपनी के खिलाफ थाना खटीमा में भी वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी और वे वर्तमान में जमानत पर हैं। इसके बावजूद मल्लीताल पुलिस ने खटीमा प्रकरण के गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ नहीं की। जिससे आरोपियों के नाम व पते स्पष्ट हो सकते थे। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित सोसायटी रिजर्व बैंक से अधिकृत नहीं थी। इसके बावजूद उसने बैंकिंग गति. विधियों के माध्यम से आम लोगों से 70 से 80 लाख रुपये से अधिक की धनराशि एकत्र कर गबन कर ली। न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई न हो पाई। सावित्री देवी ने एसएसपी से मांग की है कि थाना मल्लीताल को निर्देशित कर निष्पक्ष व शीघ्र विवेचना कराते हुए आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## स्ट्रीट लाइटों की आधारशिला रखी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** बुधवार को नगला नगर पालिका में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व पालिकाध्यक्ष सचिन शुक्ला ने करीब एक करोड़ की लागत से लगने वाले 140 स्ट्रीट लाइटों का भूमि पूजन कर आधार शिला रखी। उन्होंने बताया कि सभी लाइटों का विद्युत संयोजन भूमिगत आर्म्ड केबल के माध्यम से होगा और स्ट्रीट



लाइटों के पोलों के बीच की दूरी 20 से 25 मीटर होगी। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर विरोधियों द्वारा भ्रामक तथ्यों के माध्यम से नगला के विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया गया। जिसके कारण विगत वर्षों में क्षेत्र का विकास प्रभावित रहा। उन्होंने कहा कि नवगठित नगर पालिका परिषद नगला में चुनाव संपन्न होने के पश्चात अब बोर्ड अध्यक्ष एवं सभासदों के माध्यम से क्षेत्र का समग्र विकास विकास किया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, महामंत्री टीकम कोरंगा, नगर पालिका के सभासद सुनील रुहेला, गोपाल जोशी, धनुज यादव, सुरेंद्र यादव, सुनील प्रसाद, अजय बंसल, अधिशासी अधिकारी विजय बिष्ट, रामू बिष्ट, शेखर पाण्डे, समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मुकद्दस रमज़ान आज से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान गुरुवार आज से शुरू हो रहा है। इस्लामिक कैलेंडर का यह नौवां महीना आत्मशुद्धि, इबादत, संयम और दान पुण्य के लिए विशेष माना जाता है। चांद दिखने के बाद ही रमजान की शुरुआत होती है। मल्लीताल मस्जिद में तैनात शहर इमाम मुफ्ती अजमल कासमी ने बताया कि चांद नजर आने के बाद गुरुवार (आज) से रोजे शुरू हो जाएंगें। आमतौर पर रमजान में 29 या 30 रोजे होते हैं। इस बार 30 रोजे होने के आसार हैं। 20 मार्च को 30वां रोजा रखा जाएगा और 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी। उसी दिन इस्लामिक कैलेंडर के दसवें महीने शव्वाल की पहली तारीख होगी जिस दिन



ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाता है। रमजान के पूरे महीने मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। सूर्योदय से पहले सहरी करने के बाद दिनभर बिना कुछ खाए पीए अल्लाह की इबादत की जाती है और सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ रोजा खोला जाता है। यह केवल भूखे प्यासे रहने का ही नहीं बल्कि मन व वचन और कर्म से संयम रखने का भी समय है। इस महीने में पांच वक्त की नमाज के साथ तरावीह और कुरआन की तिलावत का विशेष महत्व होता है। रमजान को दान पुण्य का महीना भी कहा जाता है। जरूरतमंदों की मदद करना, जकात और फितरा अदा करना तथा सामूहिक इफ्तार का आयोजन करना सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाता है।

# जिला न्यायालय की सुरक्षा सवालों के घेरे में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला कोर्ट को दो बार मेल में बम से उड़ाने की धमकी के बाद भी पुलिस जिला कोर्ट नैनीताल में

### बम से उड़ाने की दो बार धमकी मिलने के बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम नहीं

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई है। कोर्ट के अंदर प्रवेश करने वाले 4 गेटों पर सुरक्षा के लिए पुलिस ने एक मेटल डिटेक्टर लगाया है। पुलिस की मौजूदगी के बाद भी डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से गिने चुने लोग गुजर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने भी पुलिस की



सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। बता दें कि बीते सोमवार व मंगलवार को अज्ञात मेल से जिला जज की आधिकारिक मेल आईडी पर दो मेल आये हैं। जिसमें जिला कोर्ट को आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की बात कही गई थी। मेल के बाद कोर्ट परिसर समेत पूरे शहर में हड़कंप मच गया। लोग अब भी दहशत में हैं। कोर्ट कार्यालय लिपिक की शिकायत पर पुलिस ने दो मेलों के आधार पर दो अज्ञातों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कर दिए हैं। पुलिस की ओर से मामले में जांच भी की जा रही है। इधर

### संदिग्ध लोगों पर पूरी नज़र: सीओ

**नैनीताल।** मामले में नैनीताल के सीओ रविकांत सेमवाल का कहना है कि चार गेटों में से लोगों की आवाजाही मुख्य गेट से ही कराई जा रही है। अज्ञात लोगों की ही डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से चैकिंग की जा रही है। इसके अलावा एलआईयू व पुलिस फोर्स भी कोर्ट परिसर पर तैनात की गई है। जो संदिग्ध लोगों पर नजर रखने का कार्य कर रही है।

आईजी रिद्धिम अग्रवाल व एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के अनुसार कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक चौबन्द कर दी गई हैं लेकिन जब बुधवार को पड़ताल की गई तो पुलिस की बातें झूठी नजर आई। दोपहर एक बजे कोर्ट के मुख्य गेट पर एक डोर फेम मेटल डिटेक्टर के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन उसमें से भी गिने चुने लोग ही गुजर रहे थे। जिसको ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी अनदेखा कर रहे थे। वहीं मुख्य गेट के बगल में कमिश्नरी के गेट, कलेक्ट्रेट के सामने वाला गेट व तहसील से कोर्ट में प्रवेश करने वाले गेट पर न तो कोई पुलिस तैनात थी न ही कोई डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर स्थापित किया था। जहां से हर कोई गेट के अंदर आ रहा था। वहीं अधिवक्ताओं का कहना है कि मामले में पुलिस की अनदेखी कोर्ट की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है।

# वनाग्नि रोकथाम के लिए हुई मॉकड्रिल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के उप वन संरक्षक आकाश गंगवार के निर्देशन में बुधवार को आगामी वनाग्निकाल की तैयारी हेतु प्रभाग स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में ममता चन्द (इंसीडेन्ट कमाण्डर/उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग) के निर्देशन में विभिन्न टास्क फोर्स का गठन किया गया जिसमें जिला प्रशासन, अन्य संबन्धित रेखीय विभागों स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, बाल विकास, पशुपालन तथा पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड उत्तराखंड, रिजर्व पुलिस बल, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की तरफ से एनसीसी कैडेट्स व राजकीय औद्योगिक संस्थान पाईन्स



व महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम जोखिया एवं लगभग 200 अधिका. रियों तथा स्टाफ) द्वारा प्रतिभाग किया गया।

टास्क फोर्स के लीडर के रूप में वन क्षेत्र अधिकारी ललित मोहन कार्की, विजय भट्ट, योगेश चंद तिवारी, मनोज भगत, आनंद लाल व प्रशिक्षु वन क्षेत्राधिकारी अभय जोशी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी नैनीताल विवेक राय, एसपी सिटी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, मेजर मनोज जोशी, लक्ष्मण थपियाल, फायर बिग्रेड से देवेंद्र सिंह नेगी, स्वास्थ्य विभाग के डा. प्रशान्त ओली, वायु सेना भवाली से अभिषेक दुबे, पुलिस संचार विभाग से डीसीआर आनन्द मोहन पन्त, एएसपीआईपीटी गोविन्द सिंह, एचसीपीटी वसीम अहमद, पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सक डा. स्वर्णा भोज, पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, जिला पंचायत से विजय केएस, टैक्स ऑफिसर नीतू सिंह, जेई विद्युत विभाग से पर्यंक पाण्डे, एसडीओ विक्रम सिंह बिष्ट, जेई उत्तराखण्ड होमगार्ड से चेतन मेठानी, इन्सपेटर पंचायती राज से आरपी टम्टा आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान मॉक ड्रिल के क्रियान्वय हेतु स्टेजिंग एरिया से सभी दलों को इनसीडेन्ट कमांडर के द्वारा पोस्ट की ओर रवाना किया गया, स्टेजिंग एरिया में समस्त फायर उपकरणों, फायर हॉन्टेड एवं जल संस्थान के टैंकर, फायर ब्रिगेड के वाहन एवं समस्त फायर उपकरणों की व्यवस्था वन विभाग एवं समस्त रेखीय विभागों द्वारा सुनिश्चित की गई। वायरलेस सिस्टम, बेस सिस्टम, रेंज कंट्रोल रूम, मास्टर कंट्रोल रूम, नैना पीक रिपीटर सेंटर तथा आईसीसीसी सेंटर देहरादून से पूरी मॉक ड्रिल के दौरान समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान.प्रदान किया गया। इससे पूर्व बुधवार को प्रात: काल सूचना मिली कि नैना वन रेंज के लडियाकांटा बीट के कक्ष संख्या 3 तथा 4 में किसी व्यक्ति की लाप. रवाही से आग लग गई है जिस पर सूचना पाते ही विभिन्न टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर वनाग्नि नियंत्रण का कार्य फायर लाइन कंट्रोल फायर देकर लगभग 20 मिनट रिस्पांस टाइम में वनाग्नि साईट में पहुंचकर वनाग्नि को नियंत्रित किया गया। उक्त वनाग्नि में घायल व्यक्तियों को तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार देकर आगे के इलाज के लिए राजकीय बीडी पांडे चिकित्सालय नैनीताल को रेफर किया गया। संचार केंद्र में वन विभाग की टीम के साथ पुलिस संचार केंद्र भी सक्रिय रहा।

# मझेड़ा में विधिक जगरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि./सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मझेडा डोबा ग्राम में विधिक साक्षरता व जगरूकता एवम् चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानचार्य और ग्राम प्रधान द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्वागत किया गया जिसके उपरांत छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। शिविर में सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य प्रणाली के



बारे मे बताया और यह जागृति नालसा योजना 2025 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक पहल है जो जमीनी स्तर पर कानूनी साक्षरता और जागरूकता को मजबूत करती है। यह योजना स्थानीय स्वशासन निकायों और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को कानूनी सेवा संस्थानों के साथ जोड़कर नागरिकों को न्याय के करीब लाती है। जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के माध्यम से कानूनी जागरूकता फैलाना और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करना, कानूनी सेवाओं, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना विशेषकर उन लोगों को जो कानूनी सहायता के लिए पात्र हैं। शिविर में महिला प्रतिकर योजना, घरेलू हिसा संरक्षण अधिनियम, मोटर वाहन एक्ट अन्य कानूनी जानकारी भी दी गई। चिकित्सा विभाग से डा. अनिल गंग. वार, दीपक सती, डा. योगेश एगिरा, फार्मेसिस्ट रेखा चिलवाल, एएनम द्वारा ग्रामवासियों का चिकित्सा परीक्षण करा गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का सामना ऑस्ट्रेलियाई क्लबों से होगा

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला नेशनल फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की अपनी तैयारियों के तहत 19 और 23 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई क्लब टीमों पर्थ रेडस्टार एफसी और पर्थ अजुरी के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलेगी। ब्लू टाइग्रेसेस 11 फरवरी को तुर्किए में अपना ट्रेनिंग कैंप खत्म करने के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं, जहां उन्होंने यूक्रेन, रूस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और रोमानिया की क्लब टीमों के खिलाफ छह फ्रेंडली मैच खेले। भारत ने तुर्किए में एक्सपोजर टूर के दौरान तीन जीत, एक ड्रॉ और दो हार दर्ज कीं। पर्थ रेडस्टार एफसी के खिलाफ पहला मैच डालमटिनैक पार्क में भारतीय समयानुसार 14:30 पर खेला जाएगा, जबकि पर्थ अजुरी के खिलाफ दूसरा मैच मैसेडोनिया पार्क में 16:00 पर खेला जाएगा।

### टॉप सीड सेरुंडोलो रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंचे

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** अर्जेंटीना के टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए।

वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 72 परसेंट पॉइंट जीते और जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर पांच में से चार ब्रेक पॉइंट बदलकर जीत हासिल की। नवोन ने पहले सर्व पर 67 परसेंट पॉइंट जीते लेकिन 12 ब्रेक पॉइंट मौकों में से सिर्फ दो को ही बदल पाए। सेरुंडोलो एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एक और अर्जेंटीना के थियागो टिरांटे से भिड़ेंगे। सेरुंडोलो के भाई, जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने भी इटली के दूसरे सीड लुसियानो डार्डेरी पर 6-1, 3-6, 6-4 से जीत हासिल की।

# टी-20 में अभिषेक नंबर-वन

- **आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन आठवें स्थान पर**



**दुबई, वार्ता।** भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने हाल में मामूली प्रदर्शन के बावजूद आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी, जबकि टीम के साथी ईशान किशन पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद 17 स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के सैम अयूब ने ऑलराउंडर रैंकिंग में फिर से नंबर 1 पर जगह बना ली है। उन्होंने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोलंबो में भारत के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अयूब ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर वापस आ गए हैं, जिससे हाल के हफ्तों में उनके और रजा के बीच टॉप पर रहने की कड़ी टक्कर जारी है। रजा दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दो स्थान ऊपर और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई चार स्थान ऊपर चढ़े, दोनों ने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथा स्थान शेयर किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में, श्रीलंका के पथुम निसंका कैंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शानदार सेंचुरी के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन 22 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने अहम रन बनाए, जबकि अमेरिका के बैटर सैतेजा मुक्कामल्ला 16 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर और इंग्लैंड के युवा जैकब बेथेल 22 स्थान ऊपर चढ़कर लिस्ट में 32वें स्थान पर पहुंच गए। बॉलिंग रैंकिंग में, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए, जिससे भारत के वरुण चक्रवर्ती से उनका अंतर कम हो गया, जो चार्ट में टॉप पर बने हैं।

# पहली बार रणजी के फाइनल में जे-के

- **आकिब नबी और सुनील के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन से बंगाल को छह विकेट से हराया**




**कल्याणी, वार्ता।** आकिब नबी और सुनील कुमार के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वंशराज शर्मा (नाबाद 43) और अब्दुल समद (नाबाद 30) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन बंगाल के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बना ली है। यहां जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 43 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट शुभम सिंह पुंडीर (27) के रूप में गिरा। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 28वें ओवर में आकाश दीप ने कप्ताप परास डोगरा (नौ) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जम्मू-कश्मीर ने 34-2 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। वंशराज शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के लिए विजई छक्का लगाया। वंशराज शर्मा ने 83 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 43 रनों की पारी खेली। अब्दुल समद 27 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने तीन छक्के और एक चौका लगाया। बंगाल के लिए आकाश दीप ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बंगाल ने पहली पारी में 328 और दूसरी पारी में 99 रन का स्कोर किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 302 रन बनाए।

### उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर टीम को बधाई दी

**जम्मू, वार्ता।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर टीम को रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस इलाके के और खिलाड़ी इंडिया में खेलेंगे। जम्मू में रिपोर्टर्स से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी अकेले रणजी ट्रॉफी नहीं जीतता। यह पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ की भी सफलता है। मैं अपनी तरफ से और जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की तरफ से उन सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हम जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों को नेशनल टीम में बहुत अहम भूमिका निभाई।

# अभिषेक, गिल व अर्शदीप पीपीएल में खेलेंगे



- **पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिये खरीदा जाएगा**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) जून 2026 में पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) कराएगा। पंजाब की घरेलू टी-20 क्रिकेट लीग अब नए नाम और नए फॉर्मेट में खेली जाएगी।

पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिए खरीदा जाएगा और इसमें सिर्फ पंजाब के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे। पंजाब का हर बड़ा खिलाड़ी पंजाब प्रीमियर लीग का हिस्सा होगा। भारतीय टेस्ट और लिमिटेड ओवर के ओपनर शुभमन गिल, भारत के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया जाएगा। इनके अलावा, पंजाब के दूसरे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की नामों के तौर पर शामिल हो सकते हैं, जैसे रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह, वगैरह। युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा, जो मौजूदा इंडिया अंडर 19 टीम का हिस्सा हैं, भी इसमें शामिल होंगे। युवाओं के साथ सीनियर्स सीनियर खिलाड़ियों के साथ, पंजाब के अंडर-23 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। मार्की नामों के अलावा, पंजाब प्रीमियर लीग में पंजाब के कई दूसरे उभरते हुए क्रिकेटर भी हिस्सा लेंगे, जिन्होंने घरेलू और आईपीएल लेवल पर अपनी पहचान बनाई है। मयंक मारकंडे, अश्विनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगे, जिससे लीग में गहराई और मुकाबला बढ़ेगा।

इसके अलावा, सलिल अरोड़ा, रघु शर्मा जैसे टैलेंटेड खिलाड़ी और कई दूसरे होनहार खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। सभी खिलाड़ियों का ड्राफ्ट होगा। कई खिलाड़ियों को अलग-अलग प्राइस स्लैब में रखा जाएगा, और टीमों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिसमें पंजाब के कई बड़े बिजनेस घराने और कॉर्पोरेट ग्रुप मालिकाना हक हासिल करने और राज्य की सबसे बड़ी घरेलू टी-20 लीग के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

# 802 रन की विशाल बढ़त के साथ कर्नाटक का रणजी फाइनल पक्का

- **स्मरण की 127 रनों की शतकीय पारी की बदौलत उत्तराखंड के खिलाफ बढ़त बनाकर रणजी के फाइनल जमह पक्की कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** स्मरण रविचंद्रन (127) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी बढ़त 802 रन पहुंचाते हुए रणजी फाइनल में जगह पक्की कर ली। कर्नाटक का घइनल में जम्मू-कश्मीर से मुकाबला होगा जिसने इससे पहले बंगाल को दूसरे सेमीफाइनल में छह विकेट से हराया। कर्नाटक ने पहली पारी में 736 रन बनाए थे और उत्तराखंड को 233 रन पर समेट कर 503 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। कर्नाटक ने उत्तराखंड से फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। कर्नाटक ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 299 रन बनाकर कुल बढ़त को 800 रन के पार पहुंचा दिया। उत्तराखंड ने पांच विकेट पर 149 रन से अपनी पारी को आगे बघया। आदित्य रावत ने नाबाद 45 रन बनाए। विद्याधर पाटिल और विजयकुमार व्याशक ने तीन-तीन विकेट लिए। कर्नाटक ने दूसरी पारी में चार विकेट 122 रन तक गंवा दिए थे।

### रणजी सेमीफाइनल में चोटिल हुए पडिक्कल



**लखनऊ, वार्ता।** कर्नाटक के बैट्समैन देवदत्त पडिक्कल उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सेमीफाइनल के चौथे दिन चोटिल हो गए, जिससे उनके करियर की बेस्ट इनिंग फीकी पड़ गई। उनको उत्तराखंड की पहली इनिग के दौरान गली में डाइविग कैच लेने की कोशिश में उंगली में चोट लग गई और वह मैदान से बाहर चले गए। पडिक्कल ने नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए इससे पहले इकाना स्टेडियम में 330 गेंदों पर 29 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 232 रन बनाए थे, जिससे कर्नाटक ने 194-4 ओवर में 736 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। जवाब में उत्तराखंड को मुश्किल हुई और वे 233 रन पर आउट हो गए, विद्याधर पाटिल और व्यशाक विजयकुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। यह चोट 75वें ओवर की 5वीं गेंद पर लगी जब अभय नेगी ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर ड्राइव किया।


# भारत आर्मी टी-20 विश्व कप एंथम में दिखाई देगी

- **आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता को दिखाता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत आर्मी प्राइम वीडियो के प्रमोशनल ट्रैक द लल्ला एंथम - ए वॉर्निंग फ्रॉम सूबेदार में शामिल है, जिसे चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान रिलीज किया गया था, जब भारत सुपर 8 स्टेज की तैयारी कर रहा था। एक मीडिया रिलीज के मुताबिक, एंथम में भारत आर्मी के सदस्य एक्टर अनिल कपूर, एक्टर राधिका मदान, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर शेफाली बग्गा के साथ मिलकर नारे लगाते, ढोल बजाते और फैंस के सपोर्ट में सीन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कोलेबोरेशन बड़े क्रिकेट इवेंट्स के दौरान माहौल बनाने में ऑर्गनाइज्ड सपोर्टर्स के योगदान को हाईलाइट करता है। भारत आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता और गर्व की भावना को दिखाता है जो वे टीम इंडिया को सपोर्ट करते हुए स्टेडियम में लाते हैं। सपोर्टर्स ग्रुप के 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंडिया के सुपर 8 मैच में शामिल होने की उम्मीद है, जो उनके ट्रैवल प्रोग्राम का हिस्सा है, और टूर्नामेंट के दौरान वे अलग-अलग जगहों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखेंगे। इस एंथम को म्यूजिक जोड़ी रोहन-विनायक ने कंपोज किया है, ऋषि उपाध्याय ने लिखा है और विशाल ददलानी ने गाया है। यह ट्रैक आने वाली एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार के प्रमोशन का हिस्सा है, जिसमें अनिल कपूर, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह भी हैं।

# द. अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

- **इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबना हारे बिना सुपर-8 में जगह बना ली**




**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉर्बिन बॉश (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (36), रायन रिकलटन (30) और कप्तान एडन मारक्रम (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 40 गेंदे शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर आठ में जगह बना ली है।कॉर्बिन बॉश को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैदरअली ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 11 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाए। छठे ओवर में मुहम्मद जवादुल्लाह ने क्विंटन डी कॉक (14) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद रायन रिकलटन ने डेवाल्ड ब्रेविस ने तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका की जीत पक्की कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद फारूक ने रायन रिकलटन को आउटकर यूएई को तीसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 36 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 13-2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मुकबला छह विकेट से अपने नाम किया। यूएई के लिए हैदर अली, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद इरफान और मोहम्मद फारूक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आलीशान शराफु (45) और कप्तान मुहम्मद वसीम (22) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने वर्षा प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आलीशान शराफु ने 38 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में चार चौके लगाए।

## सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उबिूस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन ड्डल्ब (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL. द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उउेंसि को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उबिूस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उउेंसि या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**

# ऑस्ट्रेलिया के टी-20 विश्व कप में 'खराब' प्रदर्शन पर भड़के रिकी पोंटिंग



- **कहा: जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी**

**दुबई, वार्ता।** रिकी पोंटिंग ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के कैंपेन को ष्बहुत खराब बताया है, और कहा कि जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल कर पाया और सुपर आठ स्टेज की दौड़ से बाहर हो गया, पूर्व कप्तान ने चोटों और खास खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को बड़ी नाकामी बताया। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के लेटेस्ट एपिसोड में कहा कि यह कहना होगा कि यह बहुत खराब कैंपेन रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग स्टेज पर जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने टीम के बैलेंस को बिगाड़ दिया। पोंटिंग ने कहा कि जिम्बाब्वे से हार टीम को परेशान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि जिम्बाब्वे ने आईसीसी इवेंट में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया, ए ऐसे मौके हैं जिन्हें आप इस तरह के टूर्नामेंट में नहीं छोड़ सकते कि और कहा कि श्रीलंका भी शानदार रन चेज के साथ बहुत मजबूत साबित हुआ। दो बार के वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान ने यह भी माना कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद उन्हें भारतीय दोस्तों से मजाक का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप अच्छे के साथ बुरे को भी लेते हैं, और ज्यादातर बार, मैं खुद ही एक-दूसरे को मजाकिया मैसेज भेज पाता हूं, लेकिन इस टूर्नामेंट में तो बिल्कुल नहीं। पोंटिंग ने कहा कि मौजूदा टी-20 टीम में पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीमों जैसा ऑरा नहीं था और उसने जरूरी मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने बताया कि कैमरून ग्रीन और टिम डेविड समेत टॉप ऑर्डर जरूरी कंसिस्टेंसी नहीं दिखा पाया, जबकि श्रीलंका के खिलाफ 20 रन पर छह विकेट गिरने से उनके मौके कम हो गए। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप को प्रायोरिटी नहीं देता, और जोर देकर कहा कि आईसीसी ट्रॉफी ही आखिरी लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आप वर्ल्ड कप जीतने और टाइटल जीतने के लिए खेलते हैं। हमारे जितने खिलाड़ी बाहर थे

# साहिबजादा फरहान के शतक से पाक सुपर-8 में

**कोलबो।** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के शानदार शतक की बदौलत पाकिस्तान ने नामीबिया को बुधवार को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंद कर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ दौर में प्रवेश कर लिया। पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद नामीबिया को 17.3 ओवर में 97 रन पर ढेर कर दिया। उस्मान तारिक ने 16 रन पर चार और शादाब खान ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर नामीबिया का पुलिंदा बांध दिया। साहिबजादा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लिए पाकिस्तान का स्कोर बहुत बड़ा साबित हुआ। लॉरेन स्टीनकैंप ने 23 और अलेक्जेंडर ब्युसिंग वॉल्सचैंक ने 20 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। पाक के स्तरीय स्पिनरों के सामने नामीबिया के बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके। इससे पहले साहिबजादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के पाकिस्तान के फैसले को सही ठहराते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन में 11 चौके और चार छक्के लगाए।

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) (कोरपोरेट आईडी नं. UA40109UP2001SGC025867/2358) विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001

दूरभाष संख्या: 0135-2763672-75, फैक्स: 0135-2760289 वेबसाइट: www.uktenders.gov.in

### ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित सामग्री/कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| क्र0 सं0 | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | सामग्री/कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर (₹) | धरोहर राशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹) | निविदा से पूर्व आयोजित सभा की तिथि एव समय | निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.सी.पी.-II/22/2025-2026 | 250 के.वी.ए. 11/0.433 के.वी. बी.आई.एस. ऊर्जा दक्षता स्तर-2(नया) कॉपर वांउड डिस्ट्रब्यूशन ट्रांस्फार्मर | 600 नग | 70.134 करोड़ | 105.210 करोड़ | 1.41 करोड़ | 29 500/- | - | 09.03.2026 को 17:00 बजे तक | 10.03.2026 को 15:30 बजे |
| 2 | सी.सी.पी.-II/23/2025-2026 | टर्नकी आधार पर आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत ऋषिकेश में 33/11 के.वी. इन्डोर टाइप जी.आई.एस. उपस्थान एवं सम्बन्धित 11के.वी. एवं 33के.वी. विद्युत लाइन का निर्माण का कार्य। (i) रामझूला-2x10एम.वी.ए. (ii) बैराज-2/गुमानीवाला-2x12.5 एम.वी.ए. | | 3660.876 लाख | - | 73.218 लाख | 29 500/- | 27.02.2026 को 1130 बजे विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून | 10.03.2026 को 17:00 बजे तक | 11.03.2026 को 15:30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

**No.: 139/EE(cm)UPCL/A-2 Dt.: 18.02.2026**

अधीक्षण अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)

'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाऐं'

(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

## संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आईएफएडी प्रतिनिधिमंडल ने किया

# रीप परियोजना के ग्रामीण उद्यम इकाइयों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार में संयुक्त अरब अमीरात यूएई से फातेमा अलमुल्ला, शथा अलअयदारूस एवं क्रिस्टोफर हैमेल, जो 'इंटरनेशनल अफेयर्स ऑफिस एट द प्रेसिडेंशियल कोर्ट ऑफ यूएई' से संबद्ध हैं, सहित मीरा मिश्रा, कंट्री कोऑर्डिनेटर, आईएफएडी की टीम द्वारा विकासखंड रुड़की के अंतर्गत ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से संचालित हिलांस बेकरी यूनिट तथा विकासखंड बहादराबाद के अंतर्गत सरस विपणन केन्द्र में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत स्थापित वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट यूनिट का भौतिक भ्रमण किया गया। यह भ्रमण जनपद हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

भ्रमण के दौरान आईएफएडी टीम द्वारा दोनों इकाइयों की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया,



विपणन व्यवस्था तथा परियोजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। टीम द्वारा उद्यम इकाइयों का अवलोकन कर अत्यंत प्रशंसा व्यक्त की गई। साथ ही महिला उद्यमियों से संवाद करते हुए उनके कार्यों की

**❖सीडीओ व फातेमा अलमुल्ला, शथा अलअयदारूस एवं क्रिस्टोफर ने किया संयुक्त निरीक्षण**

सराहना की गई तथा उनसे बातचीत कर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस दौरान महिला उद्यमियों ने अपने जीवन में आए आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। इस अवसर पर जनपद हरिद्वार के 'मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र', डेप्युटी डायरेक्टर श्री महेंद्र सिंह यादव, एमसीएफ टीम से श्री अनमोल जैन, जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय सक्सेना, समस्त सहायक प्रबंधकगण, विकासखंड स्तरीय रीप एवं एनआरएलएम स्टाफ, सीएलएफ स्टाफ एवं सीएलएफ की पदाधिकारीगण उपस्थित रहीं। यह भ्रमण ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत संचालित नवाचार आधारित ग्रामीण उद्यमों की प्रगति एवं प्रभाव का अवलोकन करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

# अलग-अलग जगह से दो बाइक हुई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के बाजार से दो बाइक चोरी होने से अलग-अलग गांव के दो लोगों द्वारा थाने में तहरीर देकर बुधवार को बाइक चोरी के मुकदमे दर्ज कराए गए हैं । ग्राम जाटोंल थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी गौरव पुत्र हंस कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह कस्बे के बाजार में घरेलू सामान लेने के लिए आया था। उसने अपनी बाइक जाटोल मार्ग के पास खड़ी कर बाजार में सामान लेने चला गया। जब वह सामान लेकर वापस जहां बाइक खड़ी की थी आया तो वहां पर बाइक नहीं मिली। आसपास के दुकानदारों से पूछताछ करने पर बाइक का कोई पता नहीं चल सका है। वहीं दूसरी ओर ग्राम खुँडेवाली निवासी शुभम पुत्र रवि कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार दोपहर लगभग 1:00 बजे कस्बे के बाजार में कुछ सामान लेने के लिए आया था ।उसने कस्बे में स्थित अमर जवान चौक के पास अपनी बाइक खड़ी कर बाजार से सामान लेने चला गया था ।कुछ देर बाद जब वह सामान लेकर वापस आया तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। आसपास के दुकानदारों द्वारा पूछताछ करने पर भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका है। थाना ध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बाइक चोरी के दो मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं। बाइक का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खँगाले जा रहे हैं।

# विद्युत बिलों में बढ़ोतरी से परेशान किसानों ने विधायक को बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व क्षेत्र में चल रहे गन्ना कोलहूओ में विद्युत बिल में बढ़ोतरी के साथ-साथ एरियर व इंस्टॉलमेंट के हजारों रुपए जोड़कर ऊर्जा विभाग द्वारा भेजने से परेशान किसानों ने क्षेत्रीय विधायक से मिलकर बढ़ा हुआ विद्युत बिल वापस कर पूर्ववत विद्युत बिल भिजवाने की मांग की है। विधायक द्वारा उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या का हाल करने का किसानों को आश्वासन दिया गया है।

ग्राम सदोली में स्थित क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति के कैंप कार्यालय पर बुधवार को क्षेत्रीय किसानों व गन्ना कोलहू संचालकों की हुई बैठक में किसानों द्वारा विद्युत संबंधी समस्या बताई गई। किसानों व गन्ना कोलहू संचालकों का कहना है कि ऊर्जा विभाग की मनमानी के चलते किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है ।किसानों के खेतों में चल रहे गन्ना कोलहूओ का विद्युत बिल छ महीने पहले दो रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट आता था ।इस बार विद्युत बिल में ऊर्जा विभाग द्वारा 1 रुपया 10 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी करते हुए 3 रुपए 80 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से विभाग द्वारा किसानों को विद्युत बिल भेजा गया है। इस बढे हुए विद्युत बिल के साथ-साथ एरियर व इंस्टॉलमेंट के नाम पर 40हजार से 50000 तक विद्युत बिल के साथ जोड़कर भेजे गए हैं। ऊर्जा विभाग की मन मानी के कारण किसान परेशान हो गए हैं।

वहीं इस बारे में किसानों का कहना है कि वह मजदूरों के साथ मिलकर गन्ना कोलहू संचालित कर अपने परिवारों का पालन पोषण कर रहे हैं ।विधायक वीरेंद्र जाती द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया है कि वह उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

## गंगनहर में आईआईटी छात्र की डूबने से मौत के बाद

# वाल्मीकि घाट को अनिश्चितकाल के लिए किया बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर में हाल ही में हुई दर्दनाक डूबने की घटना के बाद उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने बड़ा निर्णय लेते हुए रुड़की स्थित वाल्मीकि घाट को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। विभाग की ओर से घाट के चारों तरफ दीवार खड़ी कर आमजन की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तक घाट पर सुरक्षा मानकों के अनुरूप पुख्ता इंतजामख्रजैसे मजबूत लोहे की जंजीरें, स्थायी अवरोधक, चेतावनी पट्टिकाएं, रेलिंग और अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंधख्रनहीं कर दिए जाते, तब तक घाट बंद ही रहेगा। अधिकारियों के अनुसार गर्मियों में नहर का जलस्तर और प्रवाह बढ़ने से जोखिम और अधिक हो जाता है, इसलिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है। गौरतलब है कि वाल्मीकि घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग घूमने और बैठने के लिए पहुंचते हैं। शाम और रात्रि के समय यहां भीड़ और बढ़ जाती है। तेज जल प्रवाह के बीच सुरक्षा व्यवस्था की कमी को गंभीर खतरे के रूप में देखा जा रहा था। **वाल्मीकि समाज में आक्रोश**-घाट का रास्ता बंद किए जाने से वाल्मीकि समाज के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल



रहा है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह घाट केवल एक सार्वजनिक स्थल ही नहीं, बल्कि उनकी आस्था और सामाजिक पहचान से जुड़ा स्थान है। उनका आरोप है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था और संवाद के सीधे रास्ता बंद कर देना उचित नहीं है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि घाट को पूरी तरह बंद रखने के बजाय सुरक्षा इंतजाम शीघ्र पूर्ण कर नियंत्रित रूप से खोला जाए। साथ ही, केवल एक घाट ही नहीं बल्कि गंग नहर के अन्य संवेदनशील स्थलों पर भी व्यापक सुरक्षा समीक्षा कर प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्थायी और मजबूत सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित होने के बाद ही घाट को दोबारा आमजन के लिए खोला जाएगा।

# बहुउद्देशीय शिविर में 15 शिकायतों में से आठ का मौके पर निस्तारण

## अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लाठरदेवाहूण मे सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकासखंड नारसन की न्याय पंचायत लाठरदेवाहूण के प्राथमिक विद्यालय गदरजुड़ा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 118 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 86 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 419 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग। आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 15 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 08 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देशराज कर्णवाल जी, उपाध्यक्ष, (राज्यमंत्री स्तर) समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना



तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा कुल 15 समस्याएं दर्ज कराई गईं। पानी की टंकी, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल,जलभराव, चकरोड़, साफ-सफाई तथा राजस्व भूमि से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।शेष 08 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। राज्य मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया साथ ही क्षेत्रवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अपर जिलाधिकार दीपेंद्र सिंह नेगी ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ. मधु सिंह, ब्लॉक प्रमुख रविंद्र चौधरी,मण्डल सुबोध सैनी,उप जिलाधिकारी रुड़की अनिल शुक्ला,नोडल अधिकारी /उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम से सड़क के किनारे पड़े हुए कूड़े को हटवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के शेखपुरी निवासी जॉनी कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने आज एसडीएम को पत्र देकर बताया कि लक्सर फुलकारी रोड पर सड़क के किनारे कूड़ा डाल रखा है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है और थोड़ी सी बारिश में सड़क पर बहने लगता है जिसमें आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा दबंग लोगों के द्वारा सड़क किनारे पशुओं का गोबर डाल रखा है जिससे कहीं घटनाएं घट गई हैं उन्होंने कई घटनाएं घट गई है इससे बड़ी घटना भी होती रहती है उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसी तरह से सड़क किनारे दबंग व्यक्तियों का गोबर पड़ा रहा तो कोई बड़ी घटना भी घट सकती है उन्होंने कहा इस तरह के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे से उनका गोबर कूड़ा वहां से हटवाया जाए जिससे आने जाने वालों को कोई परेशानी ना हो।

## पुलिस ने दबोचे तीन फरार वारंटी

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन फरार वारंटी को गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया जहां उन्हें जेल भेज दिया। न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा अपर निरीक्षक असाढ सिंह पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 03 वारण्टी श्रवण कुमार पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम भंगेड़ी महावतपुर को भंगेड़ी महावतपुर से भीम पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बालूपुर थाना झबरेड़ा को बालूपुर झबरेड़ा से अमित कुमार पुत्र धर्मपाल गिरफ्तार किये गये।

## इंडोनेशिया इंटरनेशनल पैरा थ्रो बॉल सीरीज 2026 भारतीय टीम के

# अकलीम ने स्वर्ण पदक जीतकर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** डॉ अकलीम अहमद चिकित्सा अधिकारी खटीमा उधम सिंह नगर निवासी नगर पंचायत सुलतानपुर आदमपुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार ने पैरा थ्रो बॉल सीरीज 2026 भारतीय टीम ने श्रवण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का नाम रोशन किया है कलीम अहमद समाजसेवी नगर पंचायत सुल्तानपुर ने बताया कि हमारे भाई डॉक्टर अकलीम अहमद चिकित्सा अधिकारी खटीमा उधम सिंह नगर निवासी नगर पंचायत सुलतानपुर आदमपुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार न इंडोनेशिया में इंडोनेशिया इंटरनेशनल पैरा थ्रो बॉल सीरीज 2026 में भाग लिया था जिसमें डॉक्टर अकलीम अहमद व टीम के सदस्यों के द्वारा श्रवण



पदक भारत के नाम किया जिसकी खुशी में कल नगर पंचायत सुल्तानपुर में एक स्वागत समारोह अली चौक से लेकर नगर पंचायत सुल्तानपुर तक किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद अतिथि पूर्व विधायक संजय गुप्ता पूर्व विधायक हाजी तस्लीम अहमद पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी एवं समस्त स्टाफ नगर पंचायत सुल्तानपुर अधिशासी अधिकारी श्रीमती प्रियंका ध्यानी विशिष्ट अतिथि श्री सौरभ अस्वाल एसडीएम लक्सर संयोजन आयोजन श्री ताहि हसन प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पंचायत सुल्तानपुर एवं समस्त सभासद एवं ग्रामीण क्षेत्रवासी आकर डॉक्टर अकलीम अहमद चिकित्सा अधिकारी खटीमा उधम सिंह नगर का हौसला बढ़ाएं आपका कल आना हमारे लिए गर्व की बात होगी।

# मुफ्त के इंटरनेट व मनोरंजन से दूर रहें छात्र : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध एवं एंटी ड्रग कमेटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों और गेमिंग लत से बचने के लिए छात्रों को अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए उन्होंने साइबर का शिकार होने पर तुरंत 1930 नंबर पर रिपोर्ट करने की बात भी कही।

चमनलाल महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बढ़ते साइबर क्राइमों से सावधान रहना चाहिए मुफ्त के मनोरंजन के लालच में आकर अपनी व्यक्तिगत



जानकारी किसी को साझा न करनी चाहिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को धूम्रपान से सावधान रहने की बात कहते हुए कहा कि धूम्रपान से मन और मस्तिष्क पर बहुत बुरा असर पड़ता है जिससे समाज भी प्रभावित होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को धूम्रपान को सेहत और समाज दोनों के लिए नुकसानदायक बताते हुए उन्हें मोबाइल से भी दूर रहने की हिदायत दी। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अतुल हरित, कार्यक्रम समन्वयक प्रभारी डॉ. मोहम्मद इरफान, आशुतोष शर्मा के अलावा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने किया

# लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मंगलौर और आस पास क्षेत्रों के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। अब उन्हें रुड़की, हरिद्वार या देहरादून जैसी बड़ी शहरों की ओर भागने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि स्थानीय स्तर पर ही उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अब्दुल कलाम चौक के निकट लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन हुआ है बुधवार को विधायक काजी निजामुद्दीन ने भी पहुंचकर सिरकत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, स्वास्थ्यकर्मी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. शहजाद हयात ने कहा कि अब स्वास्थ्य सेवाओं में सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। विधायक निजामुद्दीन ने इस सेंटर को क्षेत्र के लिए ष्बड़ी राहत करार दिया और कहा कि यह स्वास्थ्य सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सेंटर में उपलब्ध मुख्य सुविधाओं में शामिल हैं सभी प्रकार के अल्ट्रासाउंड जैसे एब्डॉमिनल, पेल्विक, ऑब्स्टेट्रिक, थायरॉइड, ब्रेस्ट आदि डिजिटल एक्स-रे



सुविधा अन्य बेसिक डायग्नोस्टिक टेस्ट ये सेवाएं आधुनिक उपकरणों से लैस हैं, जो सटीक और तेज परिणाम प्रदान करती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सेंटर न केवल समय बचाएगा, बल्कि परिवहन के खर्च में भी काफी कमी लाएगा। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह सुविधा वरदान साबित होगी, क्योंकि अब नियमित जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# सीएसपीएस में नन्हे-मुन्नों की खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रुड़की में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। मधुर वंदना प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं मंच कौशल का विकास करना था। इस अवसर पर बच्चों ने कविता पाठ, एक्शन गीत, नृत्य तथा विविध रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। नन्हे कलाकारों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और शिक्षकों का हृदय जीत लिया। विशेष आकर्षण रही इमोजी डांस प्रतियोगिता, जिसमें बच्चों ने खुशी , आश्चर्य और हंसी जैसे भावों को रंग-बिरंगे परिधानों और सजीव अभिव्यक्तियों के साथ मंच पर जीवंत कर दिया। उनकी मासूम अदाओं और आत्मविश्वास ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इसके पश्चात विभिन्न रोचक रेस प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें खरगोश दौड़, गाजर दौड़, फल दौड़, बॉल दौड़, रिंग दौड़, रस्सी-में-रिंग दौड़, रिंग संतुलन दौड़ तथा बनी दौड़ शामिल रहीं।



इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। नन्हे कदमों की तेज रफ्तार और लक्ष्य तक पहुँचने की लगन ने सभी का मन मोह लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# उम्मीद जगाती वार्ता

यह अच्छी बात है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम व उसकी बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर स्विटजरलैंड की राजधानी जेनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को चली बातचीत सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। बातचीत के बाद ईरान के विदेश मंत्री सै. अब्बास अरागची ने वार्ता को सकारात्मक बताते हुए कहा भी कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मसकट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक है। उनका कहना था कि यह विशेष बातचीत दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनने पर समाप्त हुई और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे। इस बातचीत की मध्यस्थता ओमान कर रहा है और जेनेवा में ओमानी दूतावास में यह बातचीत हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच जो अविश्वास की खाई है उसको पाटने में अभी समय लगेगा। अरागची की मानें, तो बातचीत में एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी के हितों की रक्षा करेगा। ओमान के विदेश मंत्री जो इस बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं, उन्होंने भी इस बातचीत को रचनात्मक बताया है, लेकिन अमेरिका की तरफ से जिस तरह का बयान आया वह संशय पैदा करता है और बताता है कि अमेरिका इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा भी है कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा है कि अभी भी सख्त टेबल पर हैं। मतलब साफ है कि अभी वार्ता से कोई हल नहीं निकला है और सबकुछ बातचीत की टेबल पर ही है। ईरान भी पूरी सतर्कता बरतता दिखाई दे रहा है। वार्ता के बीच ही उसने होर्मुज की खाड़ी में एक नौसेनिक अभ्यास किया। जिसमें उसने दिखाने की कोशिश की कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह इस क्षेत्र को बाधित कर सकता है। हॉर्मुज की खाड़ी व्यापार के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और एक अनुमान के अनुसार दुनिया का 20 प्रतिशत इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान की आईआरजीसी के अधिकारी समाचार आउटलेप में बताया गया है कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले का अभ्यास करना था। अमेरिका भी पूरी तरह ईरान को घेरने में लगा है और उसने यूएसएस अब्राहम लिंकन व एयरक्राफ्ट बैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को ईरान की घेराबंदी में लगाया हुआ है। फिल्हाल अच्छी बात यही है कि कोई तनाव बढ़ने की खबर सामने नहीं आई है और दोनों बातचीत से हल निकालने की बात कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत दोनों पक्षों के बीच अविश्वास की खाई है।

## कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें



यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी को. शिश करेंगे, हमारे खिलाफ साजिश करेंगे, सिर्फ यूपी में ही नहीं, देशभर में अंबेडकरवादियों को बाबा साहेब डा. अंबेडकर का आत्म- सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए, बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है, बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी, बसपा के लोगों को अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है, ये लोगों का ध्यान भटकाने को ही घिनौनी साजिशें करते रहते हैं, पाटी कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें।

**-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमो**

# खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच





**पंकज चतुर्वेदी**

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और वसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता रहा है। यह वह समय होता है जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं। लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का वह क्रूर चेहरा है जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में शसर्दियों का संकुचन अब एक स्थाई संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और शफलों के राजाश आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा ग्रैन फिलिंग यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी थर्मल स्ट्रेस पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में फोर्स्ड मेच्योरिटी कहा जाता है। परिणामस्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ विश्लेषण बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है। किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को शरोलर-कोस्टरश बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली मावट या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से शवसंतश ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं। इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से शमल्चिंगश करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई ड्रिप/स्प्रिंकलर को अपनाकर कम पानी ज्यादा असर के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे विंडब्रेक वायुरोधी अवरोध लगाने चाहिए ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतु. लित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा। सरकार और संस्थागत सहयोग की भूमिका भी अब केवल मुआवजा वितरण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। ब्लॉक-स्तरीय मौसम परामर्श और सटीक पूर्वानुमान आज किसानों के लिए सबसे बड़े निर्णय-सहायक उपकरण हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किस्मों का विवेकपूर्ण चयन भी महत्वपूर्ण है। आम्रपाली, मल्लिका और गेहूं की हीट टॉलरेंट किस्में जैसे डीबीडब्ल्यू 187 बदलती परिस्थितियों में बेहतर अनुकूलन दिखा रही हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई दूरगामी चेतावनी नहीं, बल्कि हमारे खेतों की मेढ़ पर खड़ा एक कड़वा सच है। फतेहपुर से लेकर कैमूर और सागर से लेकर समस्तीपुर तक के किसान आज जिस तनाव में हैं, वह आने वाले एक बड़े खाद्य संकट की आहट है। यदि देश के कुल अनाज उत्पादन में बड़ी गिरावट आती है, तो इसका असर केवल किसान की आय पर ही नहीं, बल्कि देश की जीडीपी और आम आदमी की रसोई पर पड़ेगा। हमें यह समझना होगा कि धरती का बढ़ता तापमान हमारे विकास के मॉडल पर प्रकृति का प्रतिघात है। मिट्टी की नमी को बचाना और बदलती जलवायु के अनुसार खुद को ढालना अब हमारी पसंद नहीं, बल्कि अस्तित्व की मजबूरी है। फरवरी की यह असाधारण तपिश एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे, तो भविष्य के वसंत केवल लोकगीतों में ही जीवित बचेंगे।

बुंदेलखंड की कराह, बिहार की तपिश और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की चिंता को सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास से ही दूर किया जा सकता है। नीति निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और स्वयं किसानों को एक मंच पर आकर इस चुनौती का सामना करना होगा। आम का मौसम अब पहले जैसा स्थिर नहीं रहा, लेकिन विज्ञान-आधारित प्रबंधन और समयबद्ध निर्णयों के साथ हम इस नई सच्चाई के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। प्रकृति अपना अलार्म बजा चुकी है, और अब यह हमारे ऊपर है कि हम समय रहते जागते हैं या अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक झुलसा हुआ भविष्य छोड़कर जाते हैं। संपादन के पन्नों पर इस विषय का केंद्र में होना ही इसकी गंभीरता को रेखांकित करता है, लेकिन असली समाधान तब होगा जब हर खेत में बदलती जलवायु से लड़ने का सामर्थ्य होगा।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इबादत, मग़फ़िरत का महीना है रमज़ान

**19 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। ये वक्त सिर्फ रोजा रखने का नहीं, बल्कि अपने दिल-दिमाग को पाक करने, सब्र सीखने और इंसा. नियत को और मजबूत करने का महीना होता है। रमजान का चांद देखने के बाद से ही हर मुसलमान एक दूसरे को रजमान की मुबारकबाद देते हैं और गले लगते हैं। अगर आप भी अपने परिवार, दोस्तों और खास लोगों को रमजान की मुबा. रबाद देना चाहते हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए है।**



**हाजी हारून अली**




रमजान का पाक महीना अल्लाह की इबादत करने का महीना है। रमजानुल मुबारक में अल्लाह ने खासतौर पर पांच चीजों से नवाजा है। रोजेदार के लिए दरिया की मछलियां भी मगफिरत की दुआ करती हैं। जन्नत हर दिन रोजेदारों के लिए सजाई जाती है। इस महीने में शरारती शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान की आखिरी रात रोजेदारों की मगफिरत की जाती है। रमजान का महीना अल्लाह की इबादत करने व मगफिरत का महीना है।

रमजान के महीने में कुछ ऐसे काम बताए जो रोजेदारों को करने चाहिएं। रोजा रखते हुए तरावीह पढ़ें, तमाम गुनाओं से तौबा करें, कलमा और इस्तगफार ज्यादा पढ़ें। कुरआन की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करें। ऐतकाफ में बैठें, शब-ए-कद्र की तलाश करें, सदका व खैरात करें और रोजा इफ्तार कराएं। अपनी इस्लाह की कोशिश करें, आखिरत की फिक्र पैदा करें। पांच वक्त नमाज जमाअत के साथ पढ़ें। हलाल माल से ही रोजा इफ्तार करें वरना सारे दिन की मेहनत बेकार चली जाएगी। इफ्तार के बाद भी अल्लाह से डरता रहें।

चुगली गीबत न करें, झूठ न बोलें, रिश्वत न दें और न ही लें। जादू टोना न करें और न कराएं। जिनाकारी बदकारी चोरी डकैती से परहेज करें। मस्जिदों को खेलकूद व शोर शराबे से महफूज रखें और दुनिया की बातें न करें। फिल्में, धारावाहिक, गाने सुनने व गाने से बचें। जुल्म न करें, किसी का हक न मारें, किसी का दिल न तोड़ें। किसी पर जुल्म व सितम न करें, हर उस काम से बचें जिसको अल्लाह ने और उसके नबी हजरत मुहम्मद (स.) ने मना फरमाया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली लोगों की हकीकत





**निर्मल रानी**

इन दिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालांकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ , 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई।

गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गई। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहां मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहां तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे विशिष्ट भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे भेड़िया मान. सिकता वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गई? किसके कहने पर या किसके लिए की गई? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक सफेदपोश भेड़ियों के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है।

दुनिया में आए दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबा. लिग लड़कियों यहां तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाए व अवैध काम किए। इसलिए इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेदपोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को कंजक व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं?

निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में आधी आबादी को प्रायः सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एपसटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है।

इसलिए एपसटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एपसटीन जैसे मामलों में जहां कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिए या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, FBI की जांच में ट्रैफिकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। यह फाइल्स यह भी दिखाती है कि सत्ता के शीर्ष पर मिसोगिनी (स्त्री-द्वेष) और यौन हिंसा कैसे सामान्यीकृत हो जाती है। यह एक ऐसी विकृत पुरुष प्रधान व्यवस्था का प्रतिबिंब भी है जहां पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल रहता है। एप्सटीन फाइल्स ऐसे ही शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत को उजागर करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खलीलुर रहमान ने दिया अराकान कॉरिडोर पर संकेत

## पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज, अमेरिकी प्रशासन के करीब हैं बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान के मंत्रिमंडल में खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री बनाये जाने को देश के कूटनीतिक हलकों में विदेश नीति की 'सावधानीपूर्वक पुनर्संतुलन प्रक्रिया' के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रह चुके हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि वह पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज माने जाते हैं और उन्हें अमेरिकी प्रशासन के करीब समझा जाता है। ऐसे समय में यह तथ्य अहम माना जा रहा है, जब बंगलादेश अमेरिका के साथ एक असंतु. लित माने जा रहे व्यापार समझौते के बीच अपने संबंधों को साधने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी। भारत के पूर्व उच्चायुक्त पिनाक आर. चक्रवर्ती ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि बीएनपी का हिस्सा न होने के बावजूद खलीलुर रहमान को विदेश



■ पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी

मंत्री बनाया गया है। वह तथाकथित टेक्नोक्रेट कोटे से आए हैं। उनकी नियुक्ति से संकेत मिलता है कि तारिक रहमान के कार्यकाल में भी अमेरिकी प्रभाव बना रहेगा। भारत ने आधिका. रिक तौर पर उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह आपसी प्रगति और समृद्धि के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान खलीलुर रहमान रोहिंग्या मुद्दे पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्हें उन प्रभावशाली आवाज़ों में शामिल माना जाता है, जिन्होंने 'अराकान कॉरिडोर' के निर्माण की वकालत की थी। यह एक मानवीय मार्ग होगा, जो चटगांव से होकर म्यांमार के रखाइन राज्य तक सहायता पहुंचाने में मदद करेगा। समर्थकों का कहना है कि यह गलियारा मानवीय और रणनीतिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करेगा तथा लंबे समय से चले आ रहे रोहिंग्या शरणार्थी संकट को लेकर बंगलादेश पर बने अंतर्राष्ट्रीय दबाव को कम कर सकता है। आलोचकों का मानना है कि इससे संप्रभुता, सुरक्षा जोखिम और म्यांमार के आंतरिक संघर्ष में गहराई से उलझने की आशंका बढ़ सकती है। चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि खलीलुर रहमान हालिया बंगलादेश-अमेरिका व्यापार समझौते को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और इसी कारण वह नई बीएनपी सरकार के लिए मूल्यवान बने रहेंगे, जो भविष्य में बेहतर शर्तें हासिल करने की कोशिश करेगी।

## डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व पर अमेरिका मॉरीशस में वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका चागोस द्वीप समूह पर स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व को रेखांकित करने के लिए वह मॉरीशस के साथ बातचीत करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका और मॉरीशस 23-25 फरवरी तक पोर्ट लुई में विचार-विमर्श करेंगे। इसका नेतृत्व विदेश विभाग का राजनीतिक-सैन्य मामलों का ब्यूरो करेगा और इसमें विभिन्न अमेरिकी अंतर-एजेंसी प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह चर्चा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चागोस द्वीप समूह और डिएगो गार्सिया पर स्थित अमेरिका-ब्रिटेन सैन्य अड्डे के निरंतर महत्व पर केंद्रित होगी। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सैन्य अड्डे के संचालन को सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करना होगा।




मुंबई। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जलवायु सप्ताह 2026 के दौरान बोलती पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन।

## बेनिन उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में: त्वियानी

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति अब्दौराहमाने त्वियानी ने कहा है कि बेनिन के उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में हैं। त्वियानी ने मंगलवार को नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हम बेनिन में भी ऐसी ही हालत देख रहे हैं। हमने अपनी चिंताएं बताईं और उन्होंने हमसे कहा कि हमें बेनिन के अच्छे से एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से ईर्ष्या हो रही है, लेकिन यह रक्षा प्रणाली कहां है, उत्तरी बेनिन में एक भी बेनिनी सैनिक नहीं है। आतंकवादी, फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिक इस इलाके के प्रभारी हैं। यही सच्चाई है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी की सुबह, नियामे हवाईअड्डे पर हमला हुआ।

# अमेरिका से दूसरे दौरे की बातचीत रचनात्मक: अराघची

## दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है: ईरानी विदेश मंत्री

**काहिरा।** अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा 'रचनात्मक' थी। अराघची ने सरक. ारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे। बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश

■ ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे

■ अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया



मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में 'अच्छी प्रगति' की है। साथ ही अंतिम समझौते के 'मार्गदर्शक सिद्धांतों' को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बात. चीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर 'अधि. कतम दबाव' बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, तो ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज की खाड़ी में 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज' नाम का एक अभ्यास शुरू कर दिया था। इस अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। इसमें तटीय एवं द्वीपीय बिन्दुओं से मिसाइल लॉन्च, त्वरित हमलों और समुद्री लक्ष्यों पर हमलों की नकल करने वाली ड्रोन इकाइयां शामिल थीं। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले की योजना का अभ्यास करना था। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिंकन को पश्चिमी एशिया में तैनात किया जा रहा है, जो तीन हफ्ते से इस इलाके में हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपनी 'शांतिपूर्ण' परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और तरराष्ट्रीय समुदाय उन 'अफवाहों' को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

### आठ मुस्लिम देशों का निंदा बयान बेबुनियाद और गुमराह करने वाला: इजरायल

**तेल अवीव।** इज़रायल सरकार ने पश्चिमी तट में ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के हालिया फ़ैसले की आठ मुस्लिम देशों द्वारा निंदा करने वाले संयुक्त बयान को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया है। मंगलवार को तुर्की, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने पश्चिमी तट में ज़मीन को सरकारी सम्पति घोषित करने और उनके पंजीकरण और मालिकाना हक़ के सेटलमेंट के लिए प्रक्रिया को मंज़ूरी देने के इज़रायली सरकार के फ़ैसले की निंदा की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह बयान असल में बेबुनियाद और जानबूझकर गुमराह करने वाला है। फलस्तीनी अधिकारी ही क्षेत्र सी में गैर-कानूनी ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है, जो कानून और मौजूदा समझौतों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायली सरकार ने सिविल और सम्पति कानून के तहत प्रशासनिक कदम को मंज़ूरी दी है।

## वर्चुअल ट्रायल टेक से फैशन रिटेल को बदल रहा टीसीएस

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यह प्रदर्शित किया जा रहा है कि एआई किस तरह नीति-स्तरीय चर्चाओं से आगे बढ़कर तेजी से व्यावहारिक और वास्तविक उपयोग के चरण में प्रवेश कर रहा है। स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही हैं, जो बुद्धिमान प्रणालियों के माध्यम से रोजमर्रा के अनुभवों को बदलने का लक्ष्य रखते हैं।

इसी क्रम में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) ने फैशन रिटेल को नया आयाम देने वाला एक उन्नत वर्चुअल ट्रायल समाधान पेश किया है। यह तकनीक कंपनी की 'फ्यूचर एक्सपीरियंस स्टोर' परिकल्पना का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भौतिक ट्रायल रूम की आवश्यकता को समाप्त करना है। इस तकनीक के तहत ग्राहक एक वर्चुअल स्क्रीन के सामने खड़े होते हैं, जहां उनकी सहमति से फोटो ली जाती है। कंप्यूटर विजन के माध्यम से सिस्टम ग्राहक की तस्वीर पर चुने गए परिधान को

■ एआई समिट 2026: स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही

तुरंत मैप करता है और फोटो से प्राप्त शारीरिक माप के आधार पर सबसे उपयुक्त फिट की सिफारिश करता है। लाइव डेमो के दौरान खरीदारों ने आउटफिट चुने, जिसके बाद सिस्टम ने उनके बॉडी टाइप और साइज का विश्लेषण कर यथार्थवादी प्रीव्यू तैयार किया। प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता की मूल तस्वीर और एआई-जनरेटेड लुक को साथ-साथ प्रदर्शित किया गया तथा रियल टाइम में व्यक्तिगत सिफारिशें दी गईं। इस समाधान में स्वचालित स्टाइलिंग सुझावों की सुविधा भी है। साथ ही, उपयोगकर्ता अपनी तस्वीर को भारतीय कला शैलियों से प्रेरित थीम्ड विजुअल फॉर्मेट में भी बदल सकते हैं। टीसीएस की एक्सपो प्रतिनिधि रोली सितानी ने बातचीत में कहा कि यह प्लेटफॉर्म त्वरित और सहज वर्चुअल ट्रायल अनुभव प्रदान करता है तथा भारत में वैश्विक स्तर का रिटेल अनुभव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरकारों से एआई विनियमन की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनि. वेशवाद के प्रति सचेत करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की शर्तें निर्धारित करनी चाहिये। नागेश्वरन ने यहां दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के एक कार्यक्रम में कहा कि साल 2030 तक एआई के कारण वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.7 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ सबको समान रूप से मिले। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एआई में असमानता स्पष्ट है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि दुनिया भर में नीति निर्माताओं ने जहां इंतजार और सीमित नियमन की नीति अपनाई हुई है, वहीं प्रौद्योगिकी के वास्तुकार समाज की संरचना तय कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की नीति केवल तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों और लो. कतांत्रिक संस्थाओं का सिर्फ अधिकार ही नहीं दायित्व भी है कि वे एआई के उपयोग की शर्तों को निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने देश एआई पेटेंट, सुपरकंप्यूटिंग क्षमता और निजी निवेश पर प्रभुत्व रखते हैं। जिसे उभरता हुआ 'एआई विभाजन' कहा जा रहा है, वह केवल तकनीकी क्षमता का नहीं, बल्कि मानव गरिमा का

■ मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति चेताया

सवाल है। उन्होंने कहा कि अगले एक-डेढ़ साल में लिए गए निर्णय यह तय करेंगे कि एआई से कौन लाभान्वित होगा और इन प्रणालियों पर शासन कौन करेगा। भारत, अपने आकार, लोकतांत्रिक परंपरा और डिजिटल अवसंरचना के साथ इन मानकों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में रैम और स्टोरेज की लागत घटने से कंप्यूटिंग तक पहुंच में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब यह प्रवृत्ति उलट रही है। बड़ी कंपनियां प्रीमियम कीमत चुकाने में सक्षम हैं जिससे विशेष चिप्स, उच्च-प्रदर्शन वाले जीपीयू और उन्नत प्रोसेसिंग इकाइयों का इस्तेमाल अत्याधुनिक एआई मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए हो रहा है और आम लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हार्डवेयर निर्माता उत्पादन बढ़ाने के प्रति अनिच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से कंप्यूटर तक पहुंच स्वामित्व का अधिकार नहीं बल्कि किराये की व्यवस्था बन जाएगी।

## 2022 से यूक्रेन मे कनाडा के बीस भाड़े के सैनिक मारे गए

**ओटावा।** यूक्रेन में फरवरी 2022 से रुस का विशेष सैन्य अभियान शुरु होने के बाद कम से कम बीस कनाडा के भाड़े के सैनिक मारे गए है। नेशनल पोस्ट अखबार ने ओटावा यूनिवर्सिटी के अनुबंधित प्रोफेसर जीन-फ्रेंकोइस रैटेल के हवाले से बताया कि फरवरी 2022 में रूस का विशेष सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन में कम से कम 20 कनाडाई भाड़े के सैनिक मारे गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 130 कनाडाई भाड़े के सैनिक लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन गए हैं, और यह भी कहा कि यूक्रेन में मारे गए कनाडाई भाड़े के सैनिकों की कुल संख्या फ्रांस और जर्मन भाड़े के सैनिकों की मौत के बराबर या उससे जयादा है। कनाडा के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता थिडा इथ ने कथित तौर पर कहा कि मंत्रालय युद्ध में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन जाने वाले कनाडाई लोगों की संख्या या उनमें मारे गए लोगों की संख्या को ट्रैक नहीं करता है।

# रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें व 400 ड्रोन

## यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नए सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसं. रचना को भारी नुकसान पहुंचा।

यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित



■ कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा

समाधानों की कार्यप्रणाली' पर कें. द्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रूस के नवीनतम हमलों में बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। ज़ेलेंस्की के अनुसार यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस द्वारा दागी गई 29 में से 25 मिसाइलों को मार गिराया। ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो संदेश में कहा कि जिस दिन जिनेवा में त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय नए प्रारूप शुरू हुए, उसी दिन रूस ने हमले किए। लगभग 400 ड्रोन भी छोड़े गए। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रूस वास्तव में क्या चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ चर्चा में इन हमलों का मुद्दा जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध नहीं चाहता। हम अपने राज्य और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं और हम न्यायपूर्ण समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस बीच ज़ेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा में हमलों के बाद हजारों लोग पानी और हीटिंग से वंचित हो गए हैं तथा करीब 10 आवासीय इमारतों और रेलवे अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। कुल मिलाकर 12 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। जिनेवा वार्ता अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे व्यापक कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य फरवरी 2022 से जारी संघर्ष का समाधान निकालना है।

## श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने 'ईथा' की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म ईथा की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। यह शेड्यूल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ। शहर और उसके आसपास कई जगहों पर लंबे समय तक शूटिंग की गई।

इससे पहले फिल्म की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है, जो जनवरी के अंत से फरवरी तक चली थी। पुणे शेड्यूल खत्म होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थे। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी इस मौके पर शामिल हुए। इस खास पल का एक वीडियो भी फिल्म के सेट पर



■ ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है

बनाया गया। ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जो प्रसिद्ध मराठी तमाशा कलाक. ार विठाबाई नरायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि रणदीप हुड्डा उनके साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# कार्नी ने की देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा

## तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करने की कवायद तेज

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत



■ कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है

रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें। कार्नी ने इस रणनीति को सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए एक खाका बताया और कहा कि कनाडा की रक्षा करना, कनाडा का निर्माण करना है। सुरक्षा और समृद्धि एक-दूसरे की पूरक आधारशिलाएं हैं। हमारी नई रक्षा औद्योगिक रणनीति यह सुनिश्चित करती है कि कनाडा एक संप्रभु राष्ट्र बना रहे और अपने भविष्य का स्वयं निर्धारण करे। नई रणनीति के तहत, रक्षा खरीद में कनाडाई आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, नवाचार में निवेश बढ़ाया जाएगा और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। सरकारी अनुमानों के अनुसार, इससे अगले 10 वर्षों में 180 अरब कनाडाई डॉलर के रक्षा खरीद अवसर और 290 अरब डॉलर का रक्षा-संबंधी पूंजी निवेश सृजित होगा। वर्ष 2035 तक इससे लगभग 125 अरब डॉलर का आर्थिक लाभ, 1.25 लाख उच्च वेतन वाली नौकरियां, रक्षा निर्यात में 50 प्रतिशत वृद्धि और कनाडाई कंपनियों को दिए जाने वाले रक्षा अनु. बंधों का हिस्सा 70 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्री डेविड जे- मैकगिन्टी ने कहा कि सरकार की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कनाडा के पास अपने देश की रक्षा, संप्रभुता की सुरक्षा और वर्तमान एवं भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक क्षमताओं तक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय पहुंच हो।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108